कोटद्वार, मंगलवार
10 दिसम्बर 2024
वर्ष: 46
अंक: 214 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर बम की सूचना से मचा हड़कंप

ऋषिकेश। जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर बम की सूचना से हड़कंच मच गया। डायरेक्टर को ई–मेल से एयरपोर्ट के टॉयलेट में बम होने की सूचना मिली, जिसके बाद एयरपोर्ट को पूरी तरह से खाली कराया गया। एयरपोर्ट में आवागमन को भी प्रतिबंधित किया गया। सीआईएसएफ की टीम ने बम स्क्वायड के साथ एयरपोर्ट के सभी शौचालय और अन्य स्थानों की जांच की, जिसमें किसी तरह का कोई विस्फोटक सामग्री नहीं मिली। इस कारण कोलकाता से आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट को करीब डेढ़ घंटे तक दिल्ली में रोकना पड़ा। वहीं, मामले में एयरपोर्ट प्रशासन की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध डोईवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। सोमवार को दोपहर 12:34 बजे एयरपोर्ट निदेशक प्रभाकर मिश्रा को ई–मेल पर शौचालय में बम होने की सूचना मिली। इस पर तत्काल उन्होंने सुरक्षा एजेंसियों को सूचित किया। एहतियातन एयरपोर्ट से स्टाफ समेत करीब 250 लोगों को बाहर भेजा गया। फायर बिग्रेड के साथ पुलिस भी फौरन एयरपोर्ट पर पहुंची। सीआईएसएफ की टीम ने एयरपोर्ट के प्रशासनिक भवन, अराइवल और डिपार्चर बिल्डिंग की सघन तलाशी ली। करीब एक घंटे तक चली चेकिंग में कहीं भी कोई विस्फोटक पदार्थ नहीं मिला। एयरपोर्ट निदेशक प्रभाकर मिश्रा ने बताया कि यह फर्जी मैसेज था। एसओपी के तहत तलाशी अभियान चलाया गया, जिसमें कोई विस्फोटक सामग्री नहीं मिली है। एयरपोर्ट पूरी तरह से सुरक्षित है। अज्ञात के खिलाफ डोईवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

### पहाड़ में बर्फबारी से ऋषिकेश में बढ़ी ठिठुरन

ऋषिकेश। राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी से सोमवार को ऋषिकेश में ठिठुरन बढ़ गई। ठंड दूर करने को स्थानीय लोगों ने अतिरिक्त गर्म कपड़ों का सहारा लिया। कुछ स्थानों पर लोग अलाव से भी राहत पाने की कोशिश करते नजर आए। बदले मौसम में तापमान भी अधिकतम 17 और न्यूनतम सात डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। सोमवार से ही आसमान में हल्के काले बादल छाए रहे। अमूमन आठ बजे तक शहर व आसपास के क्षेत्र में पड़ने वाली सूरज की किरणें भी 11 बजे के पहुंची। अचाक बढ़ी ठिठुरन में सर्वाधिक परेशानी स्कूली बच्चों को होती नजर आई। सुबह आठ बजे के बाद से ही बच्चे ठिठुरते हुए स्कूल की ओर बढ़ते दिखे। बाजार में हर शख्स ठंड से बचने के लिए मोटी–मोटी जैकेट और खुद को शॉल से लपेटे रहा। दिन ढलने के बाद ठिठुरन और ज्यादा बढ़ी, जिससे राहत पाने के लिए लोगों को अलाव का सहारा लेना पड़ा। रात में शहर का बाजार भी अन्य दिनों के मुकाबले जल्दी ही बंद हो गया। सर्दी के सितम में पर्यटक स्थलों पर भी भीड़भाड़ कम रही है। राज्य मौसम निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी की वजह से ठंड में इजाफा हुआ है। अभी मौसम में ठंडक और बढ़ने की संभावना है।

### जेवर के नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शुरू हुआ ट्रायल रन

नोएडा,उत्तर प्रदेश के नोएडा में बन रहे जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे ने अगले साल उद्घाटन से पहले सोमवार को अपना पहला ट्रायल रन पूरा किया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है।नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एनआईएएल) ने बताया कि ट्रायल रन 15 दिसंबर तक चलेगा और इस दौरान फ्लाइट के जरिए हवाई अड्डे का डाटा नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) दर्ज करेगा।ट्रायल के दौरान कोई समस्या आती है तो उसे दूर किया जाएगा। सोमवार को इंडिगो विमान ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अधिकारियों की मौजूदगी में हवाई अड्डे पर सफलतापूर्वक लैंडिंग की। इस दौरान उसका पानी की बौछार से स्वागत किया गया।एनआईएएल ने बताया कि हवाई अड्डे को अप्रैल 2025 तक शुरू करने का लक्ष्य है, जिसके लिए 2 पड़ाव पार कर लिए हैं। उड़ान और हवाई पट्टी के परीक्षण के लिए आवश्यक लाइसेंस के लिए आवेदन शुरू हो गया है।वाणिज्यिक उड़ानों के लिए लाइसेंस 90 दिन पहले दिए जाएंगे।

नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से प्रतिवर्ष 1.20 करोड़ यात्रियों को संभालने और 96,400 उड़ानों का प्रबंधन करने की उम्मीद है।

## सत्ता पक्ष ने लगाए विपक्ष पर आरोप, सदन में हंगामा, कार्यवाही स्थगित

नई दिल्ली, भाजपा सांसदों ने सोमवार को राज्यसभा में कहा कि कांग्रेस के कुछ वरिष्ठ सदस्यों के संबंध जॉर्ज सोरोस व उनसे जुड़े हुए संगठनों के साथ हैं। भाजपा सांसदों का कहना था कि यह हमारी राष्ट्रीय एकता के लिए बहुत चिंता का विषय है। इन सांसदों ने इस मुद्दे पर राज्यसभा में नियम 267 के तहत चर्चा कराने की मांग की। कांग्रेस ने इस प्रकार के आरोपों पर कड़ी प्रतिक्रिया दी और इसका विरोध किया। इसके बाद सत्ता पक्ष की ओर से भी सदन में जमकर हंगामा हुआ और सदन की कार्यवाही को कुछ देर के लिए स्थगित करना पड़ा। सोमवार को राज्यसभा की कार्यवाही प्रारंभ होने पर सभापति ने बताया कि उन्हें चर्चा के लिए कुल 11 नोटिस मिले हैं। यह सभी नोटिस नियम 267 के अंतर्गत दिए गए थे। किसानों की स्थिति पर चर्चा के लिए रामजीलाल सुमन ने चर्चा का नोटिस दिया था। संतोष कुमार पी ने मणिपुर की कानून व्यवस्था पर चर्चा के लिए नोटिस दिया था। कांग्रेस के इमरान प्रतापगढ़ी ने रतलाम के मध्य प्रदेश में अल्पसंख्यक समुदाय के बच्चों से दुर्व्यवहार पर चर्चा के लिए नोटिस दिया था। वहीं भाजपा के राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी, डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी, कविता पाटीदार, संजय कुमार झा व जीके वासन ने भारत के खिलाफ काम करने वाले संगठनों की राजनीतिक दलों से कथित सांठगांठ के कारण राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बढ़ती चुनौती पर चर्चा की मांग की। भाजपा की राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार ने सदन में कहा कि हमें कुछ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट से पता चला है कि कांग्रेस के कुछ वरिष्ठ सदस्यों के संबंध जॉर्ज सोरोस व उनसे जुड़े हुए संगठनों के साथ हैं। यह हमारी राष्ट्रीय एकता के लिए बहुत चिंता का विषय है। उन्होंने सभापति से कहा, इसलिए मैं आपसे निवेदन करती हूं कि नियम 267 के तहत सदन में इस पर चर्चा कराई जानी चाहिए। हालांकि सभापति ने इसकी इजाजत नहीं दी। उन्होंने कहा कि गंभीर विचार करने के बावजूद भी मैं इन चर्चाओं के लिए सदन के अन्य सभी कार्यों को स्थगित करने की अनुमति नहीं दे सकता हूं। दरअसल नियम 267 के अंतर्गत चर्चा के दौरान सदन की अन्य सभी कार्यवाहियों को स्थगित कर दिया जाता है।

इसके बाद सदन में जबरदस्त हंगामा शुरू हो गया। विपक्ष और खास तौर पर कांग्रेस के सांसदों ने इस पर आपत्ति जताई। सदन में हंगामे के बीच सभापति ने कहा, मेरी आप सभी से अपील है कि सदन को अपने तय नियमों के मुताबिक चलने दीजिए। सभापति ने कहा कि यह हमारे संविधान का 75वां वर्ष है।

### बंदरकोट में पत्थर गिरने से गंगोत्री हाईवे बंद

उत्तरकाशी। गंगोत्री हाईवे बंदरकोट में लगातार पत्थर गिरने के कारण यातायात के लिए बाधित हो गया। सोमवार दोपहर से बंदरकोट में हाईवे के खुलने और बंद होने का सिलसिला जारी रहने से यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हाईवे बाधित होने से देर शाम तक मार्ग पर वाहन और मुसाफिर जाम में फंसे हैं। सोमवार को दोपहर करीब साढ़े 12 बजे गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर भूस्खलन प्रभावित बंदरकोट जोन में पहाड़ी से भारी भरकम पत्थर गिरने का सिलसिला शुरू हुआ। पत्थर गिरने से बीआरओ को यातायात रोकना पड़ा।

हालांकि, पत्थर गिरने का क्रम रुकने पर कुछ देर बाद आवाजाही सुचारू हुई, लेकिन फिर से दोपहर तीन बजे के आसपास मार्ग पर पत्थर गिरने से आवाजाही बंद हो गई। देर शाम तक मार्ग आवाजाही के लिए नहीं खुल पाया। जिस कारण मार्ग पर वाहनों के साथ ही पैदल सफर करने वाले मुसाफिर फंसे हैं। प्रभारी जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी कीर्ति सिंह पंवार ने बताया कि फिलहाल पत्थर गिरने का सिलसिला जारी रहने के कारण मार्ग पर आवाजाही रोकी गई है। जैसे ही पत्थर गिरने रुक जाएंगे, आवाजाही सुचारू कर दी जाएगी।

## आप ने जारी की दूसरी लिस्ट, सिसोदिया की बदली सीट

### पटपड़गंज से लड़ेंगे अवध ओझा

नई दिल्ली,दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) ने सोमवार को अपनी दूसरी लिस्ट जारी की। पार्टी ने दूसरी लिस्ट में 20 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया है। खास बात ये है कि आम आदमी पार्टी ने पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की सीट बदल दी है।

इस बार पार्टी ने उन्हें पटपडगंज की जगह जंगपुरा से चुनावी मैदान में उतारा है। वहीं पटपडगंज से आप ने अवध ओझा को टिकट दिया है, जिन्होंने हाल ही में आम आदमी पार्टी का दामन थामा था।

इसके अलावा आप ने नरेला से दिनेश भारद्वाज, तिमारपुर से सुरेंद्र पाल सिंह बिट्टू, आदर्श नगर से मुकेश गोयल, मुंडका से जसबीर कारला, मंगोलपुरी से राकेश जाटव धर्मरक्षक, रोहिणी प्रदीप मित्तल, चांदनी चौक से पुनरदीप सिंह साहनी (सेबी) को टिकट दिया है।

वहीं पटेल नगर से प्रवेश रतन, मादीपुर से राखी बिड़ला, जनकपुरी से प्रवीण कुमार, बिजवासन से सुरेंद्र

**दिल्ली विधानसभा चुनाव**

भारद्वाज, पालम से जोगिंदर सोलंकी, जंगपुरा से मनीष सिसोदिया, देवली से प्रेम कुमार चौहान, त्रिलोकपुरी से अंजना पारछा, पटपडगंज से अवध ओझा, कृष्णा नगर से विकास बग्गा, गांधी नगर से नवीन चौधरी (दीपू), शाहदरा से पद्मश्री जितेंद्र सिंह शंटी और मुस्तफाबाद से आदिल अहमद खान को अपना उम्मीदवार बनाया है।

इससे पहले आम आदमी पार्टी ने नवंबर में अपनी पहली लिस्ट जारी की थी, जिसमें 11 प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की थी।

इनमें आम आदमी पार्टी ने छतरपुर से ब्रह्म सिंह तंवर, लक्ष्मी नगर से बीबी त्यागी, किराड़ी से अनिल झा, विश्वास नगर से दीपक सिंघला, रोहतास नगर से सरिता सिंह ,बदरपुर से राम सिंह, सीलमपुर से जुबैर चौधरी , सीमापुरी से वीर सिंह धींगान, घोंडा से गौरव शर्मा, करावल नगर से मनोज त्यागी, मटियाला से सोमेश शौकीन को टिकट दिया था।

## भारत दर्शन यात्रा पर उत्तराखंड की विशिष्टता के बारे में बताएं मेधावी छात्र : धामी

### मुख्यमंत्री ने हाईस्कूल परीक्षा 2024 के टॉपर 157 छात्रों को भारत दर्शन शैक्षिक भ्रमण यात्रा पर किया रवाना

**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को शिक्षा निदेशालय, नानूरखेड़ा में आयोजित कार्यक्रम में हाईस्कूल परीक्षा 2024 के टॉपर 157 छात्र-छात्राओं के दल को भारत दर्शन शैक्षिक भ्रमण यात्रा पर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मेधावी छात्र-छात्राएं भ्रमण कार्यक्रम के दौरान देशवासियों को उत्तराखंड की विशिष्टता से भी परिचित करने का काम करेंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड आज ऐसे निर्णय ले रहा है जो पूरे देश के लिए बेस्ट प्रैक्टिस साबित हो रहे हैं। अब प्रदेश सरकार बोर्ड परीक्षा के मेधावी छात्र-छात्राओं को देश के विभिन्न राज्यों के ऐतिहासिक, शैक्षिक महत्व वाले स्थलों के भ्रमण पर भेज रही है। पहला दल हिमाचल, पंजाब, चंड़ीगढ़, हरियाणा, दिल्ली के एतिहासिक स्थलों के भ्रमण पर जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये भ्रमण उत्तराखंड की शिक्षा व्यवस्था में नया अध्याय जोड़ेगा। छात्र- छात्राएं इस दौरान जहां भी जाएंगे, वहां उत्तराखंड के ब्रांड अम्बेसडर के तौर पर खुद को पेश करें। इसलिए सभी छात्र-छात्राएं उत्तराखंड की पवित्र नदियों, देवस्थानों, मौसम, पर्यटन स्थलों के बारे में जानकारी लेकर जाएं। उन्होंने कहा कि शीतकाल के लिए चार धामों के कपाट बंद होने के बाद अब शीतकालीन प्रवास स्थल पर भगवान के दर्शन हो सकते हैं। इसके लिए राज्य सरकार शीतकालीन यात्रा प्रारंभ कर चुकी है। दल में शामिल छात्र-छात्राएं इस बात की जानकारी दे सकते हैं कि शीतकालीन गद्दी पर भी लोग दर्शन कर पुण्य प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम छात्र-छात्राओं की सोच और व्यक्तित्व विकास को नया आयाम देगा। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कहा कि बच्चों के भ्रमण से प्राप्त अनुभव भी लिए जाने चाहिए। इस मौके पर शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, क्षेत्रीय विधायक उमेश शर्मा काऊ राजपुर विधायक खजान दास, कैंट विधायक श्रीमती सविता कपूर के साथ ही विभागीय सचिव रविनाथ रमन, महानिदेशक सुश्री झरना कमठान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**मेधावी छात्र अपनी बोली भाषा संस्कृति का संरक्षण करें**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भारतीय भाषा सप्ताह की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत विविधता में एकता का उदाहरण पेश करता है। भारतीय भाषा सप्ताह हमारे अंदर भारतीयता का गौरव भाव पैदा करेगा। उन्होंने महाकवि सुब्रमण्यम भारती का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ऐसे अनेक नायको से परिचित हो रहा है।

### शिवालिकनगर में डेढ़ करोड़ से होगा पार्क का सौंदर्यीकरण

हरिद्वार( । नगर पालिका शिवालिक नगर क्षेत्र में अटल चौक के पास स्थित पार्क का सौंदर्यीकरण करीब 1.50 करोड़ रुपये की लागत से होगा। सोमवार को पालिका के निवर्तमान सभासदों, भाजपा पदाधिकारियों और स्थानीय नागरिकों ने पार्क के सौंदर्यीकरण काम का मुहुर्त पूजन कर शुभारंभ किया।

नगर पालिका के वार्ड चार मुख्य मार्ग पर अटल चौक के सामने आर क्लस्टर स्थित पार्क का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। सोमवार को वरिष्ठ भाजपा नेता अतुल वशिष्ठ ने बताया कि लंबे समय से पार्क के सौंदर्यीकरण की मांग लोग कर रहे थे। लोगों की मांग के बाद विधायक आदेश चौहान ने पार्क के सौंदर्यीकरण का काम हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण को प्रस्तावित किया। करीब 1.50 करोड की लागत से बनने वाले पार्क में अत्याधुनिक फाउंटेन, डेकोरेटिव लाइट्स लगाई जाएगी। सुरक्षा दीवार निर्माण सहित पार्क के भीतर लोगों की सैर के लिए पैदल पथ का निर्माण किया जाएगा। साथ ही बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए झूले, ओपन जिम आदि लगाए जाएंगे। शुभारंभ के मौके पर निवर्तमान सभासद अशोक मेहता, अजय मलिक, हरिओम चौहान, मंडल महामंत्री संदीप राठी, मंत्री अविनाश रोहेला, मीडिया सहसंयोजक गौरव पुंडीर, महिला मोर्चा मिडिया प्रभारी रंजीता झा, रविंद्र कुमार, राकेश शर्मा, उपेंद्र शर्मा, नरेश चंद शर्मा, अशोक उपाध्याय, ए एन उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

### सर्दियों में अतिरिक्त रूप से बढ़ाया तीन मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन



देहरादून। सर्दियों में बिजली उत्पादन बढ़ाने को उत्तराखंड जल विद्युत निगम ने रामगंगा हाइड्रो प्रोजेक्ट को चालू कर बड़ी राहत दी है। 198 मेगावाट के रामगंगा प्रोजेक्ट से तीन मिलियन यूनिट तक बिजली उत्पादन शुरू हो गया है। ऐसे में बिजली उत्पादन सात मिलियन यूनिट से बढ़ कर 10.38 मिलियन यूनिट पहुंच गया है। सर्दियों में बिजली का उत्पादन बिल्कुल न्यूनतम स्तर पर पहुंच जाता है। बरसात में जो बिजली उत्पादन 26 मिलियन यूनिट रहता है। वो सर्दियों में छह से सात मिलियन यूनिट पर जाकर सिमट गया है। सर्दियों में नदियों में पानी कम होने से उत्पादन बाधित हो जाता है। ऐसे में सर्दियों में बिजली उत्पादन बढ़ाने को रामगंगा जल विद्युत परियोजना से भी उत्पादन शुरू कर दिया गया है। एमडी यूजेवीएनएल डा. संदीप सिंघल ने बताया कि 198 मेगावाट क्षमता की रामगंगा जल विद्युत परियोजना को उत्तर प्रदेश की सिंचाई सुविधाओं के लिए बनाया गया था। इस वर्ष यूजेवीएन लिमिटेड मैनेजमेंट ने उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग से पानी छोड़ने का अनुरोध किया। निरंतर किए गए प्रयासों से उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग ने दो दिसंबर से नहर में पानी छोड़ना शुरू कर दिया। पांच दिसंबर से इस प्रोजेक्ट से नियमित रूप से 2.5 से तीन मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन शुरू हो गया है। इससे जो बिजली उत्पादन नवंबर के अंत में सात मिलियन यूनिट प्रतिदिन तक रह गया था, वो अब बढ़ कर 10.38 मिलियन यूनिट प्रतिदिन हो गया है। यूपी सिंचाई विभाग का आभार जताते हुए एमडी यूजेवीएनएल संदीप सिंघल ने कहा कि बढ़े हुए उत्पादन से न केवल सर्दियों में राज्य की बिजली जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी, बल्कि राज्य के राजस्व को बचाने में भी सहयोग मिलेगा।

## बागेश्वर में खड़िया खनन अति गंभीर: हाईकोर्ट

हल्द्वानी। बागेश्वर जिले की कांडा तहसील में खड़िया खनन से गांवों में आई दरारों को हाईकोर्ट ने अति गंभीर माना है। मामले में कोर्ट ने प्रभावित गांव के लोगों की समस्या जानने के लिए दो न्यायमित्र नियुक्त कर उनसे रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। साथ ही डीएफओ बागेश्वर, राज्य स्तरीय पर्यावरण सुरक्षा अथॉरिटी और जिला खनन अधिकारी को पक्षकार बनाते हुए जवाब पेश करने के लिए कहा है। मामले की सुनवाई कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी एवं न्यायाधीश न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ ने सोमवार को की। सुनवाई पर न्यायमित्र दुष्यंत मैनाली ने कोर्ट को अपना सुझाव देकर कहा कि वहां पर जितने भी खनन कार्य चल रहे हैं, उनमें राज्यस्तरीय पर्यावरण सुरक्षा अथॉरिटी के नियमों का पालन किया जा रहा है या नहीं? उसकी रिपोर्ट भी तलब की जाए। पूर्व में खंडपीठ ने ग्रामीणों का पक्ष सुनने के लिए अधिवक्ता मैनाली को इस मामले में न्यायमित्र नियुक्त किया था।

जिन पर साधन थे वे हल्द्वानी बस गए

ग्रामीणों ने अपने प्रार्थना पत्र में एक समाचार चैनल से हुई वार्ता का भी हवाला दिया था। इसमें ग्रामीणों ने कहा था कि उनकी बात न तो जिलाधिकारी सुन रहे हैं और न ही मुख्यमंत्री सुनने को तैयार हैं। लंबे समय से ग्रामीण उन्हें यहां से विस्थापित करने की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि जिनके पास साधन थे, वे हल्द्वानी बस गए लेकिन गरीब गांव में ही रह गए।

### पीएम मोदी ने सोनिया गांधी को दी जन्मदिन की बधाई

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी को जन्मदिन की बधाई दी।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, सोनिया गांधी को उनके जन्मदिन पर बधाई। मैं उनकी लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना करता हूं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने भी सोनिया गांधी को जन्मदिन की बधाई दी।

उन्होंने अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर पोस्ट कर कहा, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। हाशिए पर मौजूद लोगों के अधिकारों की सच्ची चैंपियन, प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच अत्यंत अनुग्रह, सम्मान और साहस की प्रतीक, सार्वजनिक जीवन में उनके योगदान ने लाखों लोगों को प्रेरित किया है। मैं उनके लंबे और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं।

## पीएम मोदी ने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 का किया उद्घाटन



जयपुर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को राजस्थान के जयपुर में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 का उद्घाटन कर यहां मौजूद शिल्पकारों से बातचीत की और उनकी प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में विभिन्न मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा, राजस्थान पर्यटन का केन्द्र है। ये दुनिया के उन चुनिंदा स्थानों में से एक है, जहां लोग शादी और जीवन के अन्य पलों को यादगार बनाने के लिए आते हैं। राजस्थान सरकार पर्यटन केन्द्रों को बहुत अच्छी कनेक्टिविटी से जोड़ रही है। उन्होंने कहा, भारत में 2014 से 2024 के बीच 7 करोड़ लोग पर्यटन के लिए आए हैं। भारत ने पर्यटकों को ई वीजा की सुविधा दी है, इससे विदेशी मेहमानों को मदद मिल रही है। समिट में आए निवेशकों की ओर इशारा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, राजस्थान के पास सभी तरह का टूरिज्म बढ़ाने का स्कोप है। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा, यह तकनीक से प्रेरित सदी है। बीते कुछ वर्षों में भारत में इंटरनेट यूजर्स की संख्या करीब चार गुना बढ़ी है। डिजिटल ट्रांजेक्शन में रोजाना नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। भारत दुनिया को लोकतंत्र, जनसांख्यिकी और डेटा की असली ताकत दिखा रहा है। भारत ने दिखाया है कि डिजिटल प्रौद्योगिकी के लोकतंत्रीकरण से समाज के सभी क्षेत्रों और वर्गों को कैसे लाभ मिल सकता है।

उन्होंने कहा, भारत का मूल चरित्र मानव कल्याण है। राजस्थान की विकास यात्रा में आज एक और अहम दिन है। देश और दुनिया से बड़ी संख्या में प्रतिनिधी और निवेशक यहां पधारे हैं। इस बीच, प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्व की सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, आजादी की बाद आई सरकार ने कभी भी विकास पर ध्यान देना जरूरी नहीं समझा। जिसका नतीजा यह हुआ कि राजस्थान कहीं ना कहीं विकास के मामले में पिछड़ गया। लेकिन, मौजूदा समय में हमारी सरकार विकास भी और विरासत भी के मंत्र पर काम कर रही है। हमारी सरकार विकास को लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। हम विकास के मामले में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेंगे।

## दिल्ली के 40 स्कूलों को एक साथ फिर मिली बम से उड़ाने की धमकी



नई दिल्ली, दिल्ली में एक बार फिर 40 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इस धमकी के बाद स्कूल पहुंचे बच्चों को वापस घर भेज दिया गया है। सावधानी के तौर पर फायर ब्रिगेड और सुरक्षा विभाग की टीमें स्कूलों में जांच कर रही है। सोमवार की सुबह 7 बजे आरके पुरम के डीपीएस, पश्चिम विहार के जीडी गोयनका स्कूल, मदर मैरी स्कूल समेत 40 स्कूल मैनेजमेंट को बम की धमकी भरा ईमेल आया है। ये मामला सामने आते ही सबसे पहले बच्चों को घर भेजा गया और पुलिस को जानकारी दी गई। फायर डिपार्टमेंट और दिल्ली पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। इस मामले को लेकर आम आदमी पार्टी के नेताओं ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोलना शुरू कर दिया है। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने सोशल मीडिया के जरिए केंद्र पर निशाना साधते हुए लिखा, दिल्ली में रोजमर्रा होने वाली फिरौती, हत्याओं, गोलीबारी की घटनाओं के बाद अब स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकियाँ मिल रही है। दिल्ली में लॉ एंड ऑर्डर की ऐसी बदहाल हालत पहले कभी नहीं रही। भाजपा शासित केंद्र सरकार दिल्ली वालों को सुरक्षा देने के अपने इकलौते काम में फेल हो चुकी है। इस खबर को देखते हुए आम आदमी पार्टी के राशि संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भी सोशल मीडिया के जरिए लिखा, दिल्ली वालों ने दिल्ली में कानून व्यवस्था की इतनी बुरी हालत पहले कभी नहीं देखी थी। अमित शाह को आकर दिल्ली वालों को जवाब देना चाहिए।

### 6 रेवड़ियों का झांसा देकर, 12 रबड़ी गये डकार, भाजपा ने साधा आप पर निशाना

नई दिल्ली, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार की ह्यरेवड़ी पर घोटालों की रबड़ी के रूप में प्रतिक्रिया दी है। भाजपा का कहना है कि आप की दिल्ली सरकार 6 रेवड़ी देकर 12 रबड़ी डकार गई है।

उल्लेखनीय है कि आम आदमी पार्टी ह्यरेवड़ी पर चर्चाह्न की शुरुआत कर दिल्ली सरकार की मुफ्त योजनाओं के बारे में राष्ट्रीय राजधानी की जनता को बता रही है। वहीं, भाजपा ने इसके जवाब में सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने आधिकारिक हैंडल पर पोस्ट किया। इसमें कहा गया, 6 रेवडियों का झांसा देकर, 12 रबड़ी डकार गए। अब आम आदमी पार्टी के एक–एक झूठ का पर्दाफाश होगा।

## यूपी को रिंग रेल की मिली बड़ी सौगात, 45 दिन में 13 हजार ट्रेनों का संचालन

नईदिल्ली,। महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए केंद्र सरकार ने यूपी को बड़ी सौगात दी है. केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने महाकुंभ को लेकर रिंग रेल की व्यवस्था की घोषणा कर दी है. 45 दिनों तक 13 हजार ट्रेनों का संचालन किया जाएगा. यह ट्रेनें प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या तक के लिए चलाई जाएगी. इसके तहत तीन हजार स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएगी और 10 हजार रेगुलर ट्रेनों का संचालन किया जाएगा. अनुमान लगाया जा रहा है कि इस रिंग रेल से करीब 1.5–2 करोड़ श्रद्धालु यात्रा कर सकते हैं. साथ ही केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि महाकुंभ को देखते हुए रेलवे भी पिछले तीन साल से इसकी तैयारी कर रहा था. इसे लेकर कई रेलवे स्टेशनों पर नए वेटिंग एरिया भी बनाए गए हैं. रेल प्रशासन ने यह भी कहा कि बाबा की नगर काशी विश्वनाथ से महाकुंभ मेले के लिए 22 ट्रेनों का संचालन किया जाएगा. बता दें कि केंद्रीय रेल मंत्री खुद ही महाकुंभ का जायजा लेने के लिए पहुंचे थे, जहां उन्होंने रिंग रेल की घोषणा की. इन रिंग रेल में प्रयागराज–अयोध्या, वाराणसी–प्रयागराज, अयोध्या–काशी और प्रयागराज सर्किल शामिल होगा. इतना ही नहीं महाकुंभ को देखते हुए तमिलनाडु, मुंबई समेत कई शहरों के लिए प्रयागराज तक के लिए आरक्षित ट्रेनें चलाई जा रही है. रेलवे प्रशासन इसकी भी तैयारी कर रही है कि रेल से सफर करने वाले यात्रियों को बिना लाइन लगे भी टिकट मिल जाए. इसके लिए वेटिंग रूम और आश्रय स्थल पर रेलवे कर्मचारी मौजूद होंगे जो टिकटिंग मशीन के जरिए यात्रियों को टिकट देंगे.

## सम्पादकीय

# केजरीवाल की नई रणनीति

दिल्ली विधानसभा चुनावों की तैयारी शुरू हो चुकी है। आम आदमी पार्टी एक बार फिर दिल्ली की सत्ता पर बैठने का लक्ष्य लिए जनता के बीच जाने की तैयारी कर रही है लेकिन इस बार आम आदमी ने पार्टी के कई बड़े कद्दावर नेताओं के विधानसभा क्षेत्र बदल दिए गए हैं जिनमें मनीष सिसोदिया भी शामिल है। आम आदमी पार्टी ने 20 सीटों पर उम्मीदवार घोषित किए हैं जिसमें सिसोदिया के अलावा दूसरी चर्चित नाम शामिल है। माना जा सकता है कि इस बार अरविंद केजरीवाल ऐसे चेहरों को बदलना चाह रहे हैं जिनके खिलाफ या तो नाराजगी है या फिर जनता उनके काम से खुश नहीं है। चर्चा है कि उम्मीदवारों के चुनाव के लिए अरविंद केजरीवाल ने अपने स्तर पर व्यापक सर्वे और विधायकों के कामकाज का रिपोर्ट कार्ड भी तैयार किया है। केजरीवाल चाहते हैं कि अभी से चुनावी बुनियाद मजबूत बना लिया जाए और उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर प्रत्याशी अपने क्षेत्र में काम शुरू कर दें। हालांकि इस बार आम आदमी पार्टी के दिल्ली की जनता के लिए क्या मुद्दे होंगे इस पर किसी प्रकार की कोई चर्चा सामने नहीं आई है, लेकिन इतना तय है कि "मुफ्त सेवाओं और सुविधाओं" का गणित दिल्ली की राजनीति पर इन विधानसभा चुनाव में भी हावी रहने वाला है। इधर आम आदमी पार्टी लगभग 45% सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर चुकी है लेकिन भाजपा और कांग्रेस की तरफ से अभी तक कोई हलचल नजर नहीं आई है। इन विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के लिए एक बड़ी दिक्कत हाल ही में लगे पार्टी के बड़े नेताओं पर आरोपी को लेकर भी है, हालांकि अरविंद केजरीवाल इन सब आरोपों को षड्यंत्र बताते हैं और उनका कहना है कि दिल्ली की जनता अपने वोटो से इसका जवाब देगी। खुद अरविंद केजरीवाल हाल ही में शराब घोटाले को लेकर जेल से जमानत पर छुटे हैं, और उन्हें अदालत द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशों के बाद अपना मुख्यमंत्री पद तक छोड़ना पड़ा है। हालांकि अरविंद केजरीवाल दिल्ली की राजनीति के मंजे हुए खिलाड़ी माने जाते हैं और पीछे दिनों में इतना सब होने के बाद भी वे भाजपा और कांग्रेस के लिए सत्ता तक पहुंचने की एक सबसे बड़ी चुनौती हैं। भाजपा दो दशकों से दिल्ली की राजनीति का ताज कब्जाने के लिए छटपटा रही है और अब तक किए गए भाजपा के सारे प्रयासों पर अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी हावी होती नजर आई है। लगभग 21 सीटों पर आम आदमी पार्टी ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा तो की ही है साथ ही कुछ बड़े नेताओं के विधानसभा क्षेत्र बदलकर यह भी घोषित कर दिया है कि "आप" इस बार भाजपा कांग्रेस के लिए नई रणनीति के साथ विधानसभा चुनावों के मैदान में उतरने वाले हैं।

# मुसलमान केवल वोट बैंक

**कौसर जहां**

मुसलमानों को डर दिखाकर कांग्रेस इस देश में कई दशक तक शासन सत्ता में रही। मुसलमान आजादी के बाद भी कई दशकों तक हाशिये पर रहा, लेकिन कभी भी उसे मुख्यधारा में शामिल नहीं होने दिया गया।

वजह सिर्फ एक थी मुसलमान को भय दिखा कर उसे अपना वोट बैंक बनाए रखना। मोदी राज में अब पुरानी धारणाएं पूरी तरह बदल गई हैं। जब देश के प्रधानमंत्री 140 करोड़ भारतीयों की बात करते हैं तो मुसलमान भी उनकी नीतियों में, उनके विकसित भारत के विजन में शामिल होता है।

हमारे प्रधानमंत्री कहते हैं कि हम एक हैं, तो सेफ हैं तो देश के मुसलमान को डरने की जरूरत नहीं। क्योंकि यह नारा किसी एक समुदाय के लिए नहीं है, बल्कि उन सभी देशवासियों के लिए जिन्हें यहां की विविधता में एकता की संस्कृति पर गर्व है। प्रधानमंत्री मोदी ने किसी योजना में ऐसा नहीं किया कि कोई खुद को अलग महसूस करे। जहां तक विपक्ष की बात है तो उनके लिए यही कहा जा सकता है जाकी रही भावना जैसी प्रभु मूरत देखी तिन तैसी। उनको सब कुछ नकारात्मक ही दिखता है। सैकड़ों कल्याणकारी योजनाओं के केंद्र में सबका साथ, सबका विकास मूलमंत्र सर्वोपरि रहा यानी योजनाओं को किसी खांचे में नहीं बांटा गया और इनका लाभ सभी जरूरतमंद लोगों को मिला।

मुझे यह कहने में भी कोई संकोच नहीं कि इन योजनाओं का सबसे बड़ा लाभ देश की अल्पसंख्यक आबादी खास तौर पर मुसलमानों को मिला है। प्रधानमंत्री आवास योजना हो, मुफ्त राशन योजना हो, आयुष्मान स्कीम हो या अन्य कोई कल्याणकारी कार्यक्रम। लिस्ट उठा कर देख लीजिए कहीं कोई भेदभाव नहीं मिलेगा। लाभार्थियों में मुसलमान बड़ी संख्या में शामिल हैं। सच्चर कमेटी की सिफारिशों में देश के मुसलमान की बदहाली बयान की गई थी। कहना चाहूंगी कि यह रिपोर्ट कांग्रेस की विफलताओं का दस्तावेज भी था। क्योंकि मुसलमान सबसे ज्यादा बदहाल हुआ तो कांग्रेस के कई दशकों के कुशासन और राजनीतिक हथकंडे की वजह से हुआ। कांग्रेस ने मुसलमानों को हाशिये पर रख कर उन्हें केवल वोट बैंक समझा। सच्चर रिपोर्ट कांग्रेस सरकारों के ही अधिसंख्य कार्यकाल पर आधारित थी। वे रिपोर्ट बनवाते रहे, अपनी ही विफलताओं को दिखा कर मुसलमानों को डराते रहे लेकिन उनकी भलाई के लिए कुछ नहीं किया, लेकिन आज मैं फख्र फक्र के साथ कह सकती हूं कि हालात तेजी से बदल रहे हैं। अब मुसलमान तुष्टिकरण अस्वीकार्य है और संतुष्टिकरण सबकी भागीदारी का मूलमंत्र है। कांग्रेस के मुस्लिम आरक्षण के कर्नाटक मॉडल की हकीकत मुसलमान समझ रहा है। धर्म के आधार पर आरक्षण का कोई आधार नहीं है। दुर्भाग्य से कांग्रेस और विपक्ष के पास इस तरह के राजनीतिक झुनझुनों के अलावा कोई और विजन नहीं है। कांग्रेस कर्नाटक में सरकारी पब्लिक टेंडर में 4 फीसद आरक्षण का सब्जबाग दिखा रही है और इसके उलट मोदी सरकार और भाजपा शासित राज्य सरकारें मुसलमान को जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के माध्यम से समृद्धि का रास्ता दिखा रही हैं। पिछले दस वर्षों में मोदी प्रशासन के दौरान किए गए कई प्रयासों से अल्पसंख्यक समुदायों को लाभ हुआ है।

अनुच्छेद 370 के खत्म होने से जम्मू–कश्मीर और लद्दाख, दोनों में अल्पसंख्यकों को समान अधिकार दिए गए हैं। पीएम ने सिखों के धर्म का अहम प्रतीक करतारपुर कॉरिडोर राष्ट्र को समर्पित किया। सभी हज प्रक्रियाएं कंप्यूटरीकृत हो गई हैं, जिससे ऐसा करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है।

हम नहीं भूल सकते कि पीएम मोदी जब सऊदी प्रिंस से मिले तो उन्होंने हज कोटा बढ़ाने का अनुरोध किया। यह दर्शाता है कि उनके लिए मुसलमान अल्पसंख्यक राजनीतिक हथियार नहीं है बल्कि उन्हें 140 करोड़ भारतीयों की समान चिंता है। रिकॉर्ड 2 लाख भारतीय मुसलमानों, जिनमें 48त्न महिलाएं थीं, ने 2019 में हज यात्रा की। इसके अलावा, मोदी प्रशासन ने कई शहरों में 'हुनर हाट' शुरू किए जिससे हजारों अल्पसंख्यक समुदाय के कारीगरों, शिल्पकारों और पारंपरिक रसोइयों को मदद मिली। वक्फ संपत्तियों का उचित उपयोग और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए वक्फ लीजिंग नियमों और वक्फ संपत्तियों की जीआई मैपिंग में सकारात्मक सुधार किए गए। वक्फ संशोधन का मकसद भी यही है । लेकिन दुर्भाग्य से कुछ लोगों को यह रास नहीं आ रहा।

वे मुसलमान को बंधुआ बना कर रखना चाहते हैं। उसे लगातार गुमराह करने का अभियान चलाया जा रहा है। मोदी सरकार 'सबका साथ–सबका विकास' कर रही है और इसका लक्ष्य राष्ट्रीय एकता को बनाए रखते हुए विकसित भारत का सफर तय करना है। 2009–14 तक यूपीए के कार्यकाल के दौरान अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय को मात्र 11,208.20 करोड़ आवंटित किए गए थे, जबकि 2014 में कार्यभार संभालने वाली एनडीए सरकार ने 2019 तक इस आवंटन को बढ़ा कर 17,715 करोड़ रुपये कर दिया जो यूपीए की तुलना में 58त्न की सराहनीय वृद्धि है। इसके अलावा, 2023 तक यह आवंटन बढ़कर ?18,539.16 करोड़ हो गया है, जो यूपीए सरकार की तुलना में 65.4त्न की महत्वपूर्ण वृद्धि है। आज का भारत तुष्टिकरण नहीं एक भारत श्रेष्ठ भारत की कल्पना के साथ सबके विकास की अवधारणा वाला देश है।

# दंडित करने का मकसद

ट्रंप ने प्रस्तावित व्यापार युद्ध का पहला गोला दागा है। इससे दुनिया को संदेश दिया है कि उनका प्रशासन किसी समझौते का ख्याल नहीं करेगा। भारत और यूरोप इसके असर से फिलहाल बच गए हैं, लेकिन लंबे समय तक वे शायद ही बच पाएं।

डॉनल्ड ट्रंप ने अमेरिका का राष्ट्रपति पद संभालने के 56 दिन पहले ही अपने तीन प्रमुख व्यापार सहयोगी देशों के खिलाफ आयात शुल्क में भारी बढ़ोतरी का एलान कर दिया है। इसके तहत 20 जनवरी को राष्ट्रपति पद संभालते ही वे कनाडा और मेक्सिको से अमेरिका में आने वाली वस्तुओं पर 25 प्रतिशत आयात शुल्क लगा दिया जाएगा। चीन से आयातित वस्तुओं पर 10 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगेगा। चीन से होने वाले आयात पर पहले ही अलग–अलग, लेकिन ऊंची दरों से आयात शुल्क लगाया जा चुका है। कनाडा और मेक्सिको के साथ अमेरिका का मुक्त व्यापार समझौता है। जाहिर है, इस घोषणा के जरिए ट्रंप ने दुनिया को यह संदेश भी दिया है कि उनका प्रशासन किसी समझौते का ख्याल नहीं करेगा।इस तरह उन्होंने प्रस्तावित व्यापार युद्ध का पहला गोला दागा है। भारत और यूरोपीय देश इसके असर से फिलहाल बच गए हैं, लेकिन लंबे समय तक वे बच पाएंगे, इसकी संभावना कम ही है। राष्ट्रपति चुनाव अभियान दौरान ट्रंप ने इन देशों के खिलाफ भी आयात शुल्क लगाने का इरादा जताया था। उसके मुताबिक भारत से होने वाले आयात पर 10 प्रतिशत का शुल्क लगेगा। ट्रंप की इस घोषणा ने अमेरिकी कारोबार जगत में उथल–पुथल मचा दी है। मंगलवार को यह एलान होते ही शेयर बाजारों में भारी गिरावट देखी गई। उधर कारोबार से जुड़ी संस्थाओं ने दो–टूक कहा कि इस कदम के परिणामस्वरूप अमेरिका में महंगाई तेजी से बढ़ेगी, उद्योगों की लागत बढ़ जाएगी जिससे अमेरिकी निर्यात भी महंगे हो जाएंगे।

उधर चीन, मेक्सिको और कनाडा ने जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी है। यानी वे भी अमेरिकी वस्तुओं पर शुल्क लगाएंगे। नतीजा होगा कि उन बड़े बाजारों में अमेरिकी निर्यात और महंगे हो जाएंगे, जिससे वहां अमेरिकी कंपनियों का हिस्सा घटना तय है। आम समझ है कि व्यापार चक्र को इस तरह पलटना किसी के फायदे में नहीं है। ट्रंप ने कहा है कि उपरोक्त तीनों देश मादक पदार्थ और अपराधियों को अमेरिका भेज रहे हैं, इसलिए उन्हें दंडित करने के मकसद से उन्होंने ये कदम उठाया है। मगर ये बात शायद ही किसी के गले उतरेगी।

## टिकाऊहल की तलाश

प्रदूषण से भारत की छवि को नुकसान पहुंचा है। दिल्ली में हर साल औसतन 275 दिन खराब हवा दर्ज की जाती है। ये मुश्किलें स्पष्ट हैं। फिर भी टिकाऊहल की तलाश का कोई गंभीर प्रयास होते हम नहीं देख रहे हैं। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में छाया जहरीला धुआं इस महीने की प्रमुख खबरों में रहा है। इस बीच यह जिक्रभी हुआ है कि एनसीआर की बदहाली तो फिर भी सुर्खियों में आ जाती है, लेकिन देश के बहुत–से शहरों के प्रदूषण पर शायद ही कभी ध्यान जाता है, जबकि वहां हाल किसी रूप में बेहतर नहीं है। फिर प्रदूषण पर चर्चा अक्सर स्वास्थ्य के नजरिए से होती है– जबकि अर्थव्यवस्था पर होने वाले खराब असर पर अक्सर बात नहीं होती। जबकि हकीकत यह है कि इसका अर्थव्यवस्था पर भी भारी असर हो रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार प्रदूषण से हर साल देश की जीडीपी के लगभग तीन प्रतिशत हिस्से का का नुकसान हुआ है। डलबर्ग नाम की ग्लोबल कंसल्टेंसी फर्म ने यह अनुमान लगाया था।

बेशक प्रदूषण के नुकसान को पैसों में नहीं तोला जा सकता। फिर भी इसकी आर्थिक कीमत भी बहुत महंगी है, यह साफ है।

# युवाओं में बेरोजगारी की दर अधिक

**आज भारत में 30 वर्ष के अंदर की उम्र के नागरिकों में बेरोजगारी की दर 12 प्रतिशत है, जबकि देश में कुल बेरोजगारी की दर 3.1 प्रतिशत है। अत: युवाओं में बेरोजगारी की दर अधिक दिखाई देती है। युवाओं में कौशल का अभाव है। इसलिए केंद्र सरकार विशेष कार्यक्रम लागू कर युवाओं में कौशल विकसित का प्रयास कर रही है। विशेष रूप से युवाओं के लिए कहा जा रहा है कि वे 30 वर्ष की उम्र तक काम करना ही नहीं चाहते क्योंकि इस उम्र तक वे रोजगार के अच्छे अवसर ही तलाशते रहते हैं।**

**प्रह्लाद सबनानी**

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार समिति की सदस्य शमिका रवि के हालिया रिसर्च पेपर में कई महत्त्वपूर्ण जानकारियां दी गई हैं। भारत के आर्थिक विकास के कई क्षेत्रों के संबंध में तथ्यों पर आधारित सारगर्भित बातें बताने के साथ–साथ यह भी जानकारी दी गई है कि किस प्रकार भारत में अब ग्रामीण इलाके भी अर्थव्यवस्था में अपना योगदान बढ़ा रहे हैं। यह भी कि किस प्रकार भारत में तेज गति से हो रहे आर्थिक विकास का लाभ देश के युवाओं को रोजगार के अधिक अवसरों के रूप में मिल रहा है।किसी भी देश के लिए श्रम की भागीदारी एवं बेरोजगारी, दो अलग–अलग मुद्दे हैं।श्रम की भागीदारी में 18–59 वर्ष के बीच के वे लोग शामिल रहते हैं, जो अर्थ के अर्जन हेतु या तो कुछ कार्य कर रहे हैं अथवा कोई आर्थिक कार्य करने को उत्सुक हैं एवं इस हेतु रोजगार तलाश रहे हैं। पिछले 40 वर्षों के दौरान चीन में श्रम की औसत भागीदारी 75 प्रतिशत से ऊपर रही है अर्थात प्रत्येक 4 में से 3 लोग या तो रोजगार में रहे हैं अथवा रोजगार तलाशते रहे हैं।वियतनाम में श्रम की भागीदारी 72–73 प्रतिशत के बीच रही है। बांग्लादेश में यह 60 प्रतिशत से अधिक रही है परंतु भारत में 5 वर्ष पूर्व तक केवल 50 प्रतिशत के आसपास थी जो आज बढक़र 57 प्रतिशत हो गई है। अर्थात इतने बड़े देश में कुल कार्य करने योग्य जनसंख्या में से आधे से कुछ कम आबादी या तो रोजगार में नहीं है अथवा रोजगार तलाश भी नहीं रही है। यह स्थिति भारत जैसे देश के लिए ठीक नहीं है। दूसरे, बेरोजगारी से आश्य ऐसे नागरिकों से है, जो रोजगार तलाश रहे हैं, लेकिन रोजगार मिल नहीं रहा। भारत में ऐसे नागरिकों की संख्या मात्र 3 प्रतिशत है। समय के साथ बेरोजगारी की दर में थोड़ा–बहुत परिवर्तन होता रहता है परंतु, जब इस स्थिति को विभिन्न प्रदेशों के बीच तुलना करते हुए देखते हैं, तो बेरोजगारी की दर में भारी अंतर दिखाई देता है। गुजरात, छत्तीसगढ़, कर्नाटक जैसे राज्यों में बेरोजगारी की दर 0.9–1.5 प्रतिशत के बीच है, जबकि केरल में 12.5 प्रतिशत है।आर्थिक विकास में वृद्धि के साथ–साथ रोजगार के अवसर भी अधिक निर्मित होते हैं। इसलिए देश में रोजगार के नये अवसर निर्मित करने के लिए व्यवसाय को बढ़ाना होगा, विकास को बढ़ाना होगा। केवल केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारें समस्त नागरिकों को रोजगार उपलब्ध नहीं करा सकतीं। इस हेतु, निजी क्षेत्र को आगे आना होगा। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के संस्थानों के रोजगार के अवसर निर्मित करने की कुछ सीमाएं हैं।

आज भारत में 30 वर्ष के अंदर की उम्र के नागरिकों में बेरोजगारी की दर 12 प्रतिशत है, जबकि देश में कुल बेरोजगारी की दर 3.1 प्रतिशत है। अतः युवाओं में बेरोजगारी की दर अधिक दिखाई देती है। युवाओं में कौशल का अभाव है। इसलिए केंद्र सरकार विशेष कार्यक्रम लागू कर युवाओं में कौशल विकसित का प्रयास कर रही है। विशेष रूप से युवाओं के लिए कहा जा रहा है कि वे 30 वर्ष की उम्र तक काम करना ही नहीं चाहते क्योंकि इस उम्र तक वे रोजगार के अच्छे अवसर ही तलाशते रहते हैं। 30 वर्ष की उम्र के बाद वे दबाव में आने लगते हैं एवं फिर जो भी रोजगार अवसर मिलता है, उसे स्वीकार कर लेते हैं।इसलिए 30 वर्ष से अधिक की उम्र के नागरिकों के बीच बेरोजगारी की दर बहुत कम है। यह स्थिति हाल के समय में अन्य देशों में भी देखी जा रही है। युवाओं की अपनी नजर में सही रोजगार के अवसर के लिए वे इंतजार करते रहते हैं, अथवा अपनी पढ़ाई जारी रखते हैं। आज विशेष रूप से भारत में रोजगार के अवसरों की कमी नहीं है। युवाओं में कौशल एवं मानसिकता का अभाव एवं केवल सरकारी नौकरी को ही रोजगार के अवसर के लिए चुनना ही भारत में श्रम की भागीदारी में कमी के लिए जिम्मेदार तत्व हैं। अधिक डिग्रियां प्राप्त करने वाले युवा रोजगार के अच्छे अवसर तलाश करने में ही लंबा समय व्यतीत कर देते हैं। कम डिग्री प्राप्त एवं कम पढ़े–लिखे नागरिक छोटी उम्र से ही रोजगार प्राप्त कर लेते हैं।यह भी कटु सत्य है कि डिग्री प्राप्त करने एवं वास्तविक धरातल पर कौशल विकसित करने में बहुत अंतर है। आज भी भारत में कई कंपनियों को शिकायत है कि देश में इंजीनीयर्स तो बहुत मिलते हैं परंतु उच्च कौशल प्राप्त इंजीनीयर्स की भारी कमी है। तमिलनाडु में किए गए एक अध्ययन में तथ्य उभर कर आया है कि किसी भी देश के नागरिक जब अधिक उम्र में रोजगार प्राप्त करते हैं, तो उनकी कुल उम्र भर की कुल वास्तविक औसत आय बहुत कम हो जाती है। इसके विपरीत जो नागरिक अपनी उम्र के शुरुआती पड़ाव में ही रोजगार प्राप्त कर लेते हैं, उनकी कुल उम्र भर की वास्तविक औसत आय तुलनात्मक रूप से बहुत बढ़ जाती है। भारत में स्टार्टअप्स को बढ़ावा दिया जाना चाहिए एवं युवाओं को सरकारी नौकरी की चाहत को छोडक़र निजी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने के प्रयास करने चाहिए।

# कंगुवा की ओटीटी रिलीज डेट का ऐलान

तमिल एपिक फैंटेसी एक्शन फिल्म ह्यकंगुवाह्न साल की मच अवेटेड फिल्म थी. शिव द्वारा निर्देशित और स्टूडियो ग्रीन और यूवी क्रिएशंस द्वारा जॉइंटली प्रोड्यूस इस फिल्म का ग्लोबल प्रीमियर 14 नवंबर, 2024 को हुआ था. तमिल सुपरस्टार सूर्या की इस फिल्म से काफी उम्मीदें थी लेकिन ये बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई. वहीं अब ये फिल्म ओटीटी पर प्रीमियर करने के लिए तैयार है. चलिए यहां जानते हैं कि कंगुवा ओटीटी पर कब और किस प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होगी? कंगुवा ने बेशक बॉक्स ऑफिस पर निराशजनक परफॉर्म किया है लेकिन फैंस इसकी ओटीटी रिलीज की डिटेल्स जानने के लिए बेताब है. वहीं अब कंगुवा को डिजिटल डेब्यू की डिटेल्स आ गई हैं. फिल्मी बीट की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेजॉन प्राइम वीडियो ने कंगुवा के ओटीटी राइट्स हासिल कर लिए हैं, और फिल्म थिएट्रिकल रिलीज के एक महीने से भी कम समय बाद यानी 13 दिसंबर को स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर डेब्यू करने के लिए तैयार है. बता दें कि कंगुवा तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, हिंदी, अंग्रेजी और स्पेनिश सहित कई भाषाओं में अवेलेब होगी. हालाँकि, अभी इसे लेकर कुछ भी ऑफिशियल अनाउंस नहीं किया है.शिव द्वारा निर्देशित और लिखी गई ये फिल्म स्टूडियो ग्रीन और यूवी क्रिएशन्स के बैनर तले के.ई. ज्ञानवेल राजा, वी. वामसी कृष्णा रेड्डी और प्रमोद उप्पलपति द्वारा निर्मित है. फिल्म में सूर्या ने डबल रोल प्ले किया है. वहीं बॉबी देओल, दिशा पटानी सहित ,योगी बाबू, रेडिन किंग्सले, नटराजन सुब्रमण्यम, कोवई सरला, और के.एस. रविकुमार ने फिल्म में अहम रोल प्ले किया है.

सूर्या स्टारर कंगुवा की बॉक्स ऑफिस परफॉर्मेंस काफी खराब रही है. यह फिल्म 106 से 107 करोड़ के बीच अपनी थिएट्रिकल रन पूरा करने के लिए पूरी तरह तैयार है. फिल्म ने 16वें दिन 104.43 करोड़ की कमाई की और बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप साबित हुई है. बता दे कि ये फिल्म 300 से 350 करोड़ की लागत में बनी है.

## ट्रेविस हेड से पंगा लेना सिराज को पड़ा भारी

नई दिल्ली। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रेविस हेड और भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के बीच नोकझोंक देखने को मिली थी। एडिलेड में खेले गए दूसरे टेस्ट में हेड ने शतक लगाया था। 140 के स्कोर पर मोहम्मद सिराज ने उन्हें एक बेहतरीन यॉर्कर पर बोल्ड किया था। इसके बाद सिराज ने उन्हें बाहर जाने का इशारा किया था। साथ हेड ने भी उनके कुछ कहा था। इसके बाद अब दोनों प्लेयर्स को आईसीसी ने सजा सुनाई है।

**सिराज पर लगाया जुर्माना**

खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायता कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 का उल्लंघन करने का दोषी पाए जाने के बाद सिराज पर उनकी मैच फीस का 20% जुर्माना लगाया गया है। यह ऐसी भाषा, कार्यों या इशारों का उपयोग करने से संबंधित है जो अपमानजनक हैं या या जो आउट होने पर बल्लेबाज की आक्रमक प्रतिक्रिया को भड़का सकता है।"

# रोहित के बचाव में उतरे विश्व कप विजेता कप्तान

नई दिल्ली। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में जसप्रीत बुमराह की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 295 रन से हराया। एडिलेड में होने वाले दूसरे टेस्ट से पहले रोहित शर्मा की टीम में वापसी हुई।रोहित की कप्तानी में खेले गए दूसरे टेस्ट में भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद से ही रोहित शर्मा की कप्तानी की खासी आलोचना हो रही है। अब हिटमैन को दिग्गज भारतीय क्रिकेटर कपिल देव का साथ मिला है।

**रोहित की क्षमता पर संदेह नहीं**

कपिल देव ने सोमवार को कहा, "आइए रोहित शर्मा की वापसी करने की क्षमता पर संदेह न करें। उन्हें खुद को साबित करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कई सालों तक ऐसा किया है, तो आइए किसी पर संदेह न करें। मैं उन पर संदेह नहीं करूंगा। मुझे उम्मीद है कि उनकी फॉर्म वापस आ जाएगी। यह महत्वपूर्ण है।" विश्व कप विजेता पूर्व कप्तान ने बताया कि कैसे भारत ने कुछ महीने पहले रोहित शर्मा की कप्तानी में टी20 विश्व कप जीता था।

**रोहित की कप्तानी में लगातार 4 टेस्ट हारी टीम**

लगातार चार टेस्ट मैच हारने के बाद रोहित अब विराट कोहली और एमएस धोनी की लिस्ट में शामिल हो गए हैं। कपिल देव ने कहा, "एक या दो प्रदर्शनों के साथ अगर आपको किसी की कप्तानी पर संदेह है, मेरा मतलब है सिर्फ छह महीने पहले जब उसने टी20 विश्व कप जीता था तो आपने मुझसे यह सवाल नहीं पूछा होगा। उसकी क्षमता और प्रतिभा को जानते हुए वे मजबूत वापसी करेंगे।"

# अबू धाबी ग्रैंड प्रिक्स फिनाले रेस 2024 में भाग लेंगी बॉलीवुड की स्त्री श्रद्धा कपूर

बॉलीवुड स्टार श्रद्धा कपूर ना सिर्फ एक्टिंग में बल्कि स्पोर्ट्स में भी दिलचस्पी रखती हैं. हाल ही में खबर आई है कि ये स्त्री अबू धाबी ग्रैंड प्रिक्स फाइनल रेस 2024 में भाग लेने वाली है. इसके के लिए वह पूरी तरह से तैयार हैं.अबू धाबी ग्रैंड प्रिक्स वर्तमान में चल रहा है, जिसकी आखिरी रेस 8 दिसंबर को निर्धारित किया गया है. अबू धाबी ग्रैंड प्रिक्स के पिछले सीजन में मैक्स वेरस्टैपेन ने जीत हासिल की थी, उसके बाद दूसरे स्थान पर चार्ल्स लेक्लर और तीसरे स्थान पर जॉर्ज रसेल थे. यह इवेंट गेम कैलेंडर का प्रमुख बिंदु है. यह दुनिया भर से मशहूर हस्तियों और फैंस को आकर्षित करने के लिए जाना जाता है. श्रद्धा पिछले प्रतिभागियों की लाइनअप में शामिल हो गई हैं, जिसमें प्रियंका चोपड़ा जोनस और नाओमी कैंपबेल और ऑरलैंडो ब्लूम जैसे ग्लोबल स्टार का नाम शामिल हैं.2024 श्रद्धा के लिए एक एक शानदार साल रहा है, क्योंकि स्त्री 2 शाहरुख खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म जवान को पछाड़ कर हिंदी सिनेमा की सबसे बड़ी हिट बनकर उभरी. ग्रैंड प्रिक्स में श्रद्धा की मौजूदगी इस इवेंट में एक अनूठी भारतीय झलक लाती है, जो खेल और मनोरंजन के दिग्गजों की मेजबानी के लिए फेमस है. श्रद्धा के लिए यह उपस्थिति एक और मील का पत्थर है, जिसने बॉलीवुड के पसंदीदा स्टार के रूप में उनकी स्थिति को और मजबूत किया है.

## समुंद्र के किनारे मोनालिसा ने दिखाईं कातिल अदाएं

भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। उनका बोल्ड और स्टनिंग अंदाज इंटरनेट पर आते ही छाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका किलर अंदाज देखकर फैंस का दिल मचल गया है। एक्ट्रेस मोनालिसा आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी एक्टिंग और बोल्डनेस से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं।

हाल ही में एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। इन फोटोज में उनका कातिल अवतार देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं। फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस मोनालिसा समुंद्र के किनारे बेहद ही किलर अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

# क्या शमी को टीम में नहीं चाहते हैं रोहित

एडिलेड : आस्ट्रेलिया में चल रही बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे दिन–रात्रि टेस्ट मैच में जसप्रीत बुमराह के अलावा बाकी कोई गेंदबाज कमाल नहीं दिखा सकता जिसके बाद मोहम्मद शमी को भारत से बुलाकर टीम में शामिल करने की आवाजे उठने लगी हैं। पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री ने भी शमी को टीम में शामिल करने की मांग की है, लेकिन बाकी सभी गेंदबाजों का बचाव कर रहे रोहित शमी को लेकर सकारात्मक नजर नहीं आ रहे हैं।

**रोहित से पूछा गया सवाल**

दूसरे टेस्ट मैच की हार के बाद रोहित शर्मा से जब शमी के बारे में सवाल किया गया तो रोहित ने कहा कि उनके लिए टीम के दरवाजे खुले है, लेकिन सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेलते हुए फिर से उनके घुटने में सूजन आ गई है। हम उन पर नजर रख रहे हैं। हम उन पर वापसी के लिए कोई दबाव नहीं डालना चाहते हैं। रोहित के हावभाव से लग रहा था कि वह शमी को टीम में शामिल करने को लेकर उत्सुक नहीं हैं।

**शमी के घुटने में सूजन**

15 अक्टूबर को बेंगलुरु में न्यूजीलैंड के विरुद्ध टेस्ट सीरीज शुरू होने से पहले भी रोहित से जब शमी को ऑस्ट्रेलिया जाने वाली टीम में चुनने पर सवाल पूछा था तो उन्होंने कहा था कि उनको लेकर निर्णय करना मुश्किल है। उनके घुटने में सूजन है, जिसके कारण वह थोड़ा पिछड़ गए हैं और उन्हें दोबारा शुरू करना होगा। वे राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में हैं। हम उस शमी को आस्ट्रेलिया नहीं लेना चाहते जो पूरी तरह से तैयार नहीं हो। रोहित वैसे ही कुछ बात रविवार को यहां करते हुए नजर आए। इससे पहले जब मीडिया में शमी के फिटनेस के कारण आस्ट्रेलिया दौरे के लिए चुनी जाने वाली टीम में शामिल नहीं होने की खबरें आईं थीं तब भी उन्होंने इंटरनेट मीडिया में उसे फेक न्यूज बताया था। सूत्रों से पता चला है कि बेंगलुरु में ही एनसीए में उस समय स्वस्थ हो रहे शमी, टेस्ट मैच में दिन का खेल खत्म होने के बाद रोहित से मिले थे।

उसमें ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम में 34 वर्षीय शमी के शामिल होने को लेकर रोहित द्वारा दिए गए बयान पर दोनों के बीच गर्मागरम बातचीत हुई। उसके बाद से शमी बंगाल के लिए एक रणजी और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के सात मैच खेल चुके हैं। ऐसा पता चला है कि वह सोमवार को चंडीगढ़ के विरुद्ध होने वाले मैच में भी खेलेंगे। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या वाकई में शमी टेस्ट के लिए पूरी तरह फिट नहीं हैं या कोई और बात है?

## एक नजर

### नशे के खिलाफ जागरूकता फैला रहीं पुलिस टीमें

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिले में पुलिस की टीमें नशे के खिलाफ जागरूकता फैला रही है। पौड़ी पुलिस महिला मंगल दलों के साथ गांवों में चौपाल लगाकर लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक कर रही है। वहीं बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव की भी जानकारी भी लोगों को दी जा रही है। पुलिस ने युवाओं से अपील की कि समाज व खुद के विकास के लिए नशे की जड़ को काटना पड़ेगा। तभी जाकर हमारा समाज साफ सुथरा व स्वस्थ होगा। युवा वर्ग इसमें अपनी अहम भूमिका निभा सकता है।

पौड़ी के एसएसपी लोकेश्वर सिंह ने बताया कि जिले के सभी थाना प्रभारियों को इस संबंध में गांवों में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के लिए कहा गया है। एसएसपी ने बताया कि पुलिस हर थाना क्षेत्र के गांवों में जाकर लोगों को विशेषकर साइबर अपराधों से कैसे बचा जा सकता है इसकी जानकारी दे रही है, ताकि लोग ऑन लाइन ठगी आदि के झांसे में न फंसे। साथ ही युवाओं को भी पुलिस जागरूक कर रही है कि वह नशे से दूर रहे। पुलिस टीम में अपर उपनिरीक्षक कैलाश जोशी, सुरजीत, देवेश व हरेंद्र सिंह आदि शामिल रहे।

### फरार वारंटी गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिले में एसएसपी लोकेश्वर सिंह के निर्देश पर फरार वारंटियों को गिरफ्तार करने की कार्रवाई चल रही है। थलीसैंण पुलिस ने नशा तस्करी के मामले में फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार किया है। वारंटी को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। थलीसैंण पुलिस ने एनडीपीएस ऐक्ट में फरार चल रहे वारंटी मोहम्मद दानिश को मुखबीर की सूचना पर मैठाना घाट बीरोंखाल से गिरफ्तार किया। वारंटी को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक सैय्यदुल बाहर, आरक्षी मनोज नेगी शामिल रहे।

### यूओयू में आयोजित किया वर्चुअल जागरूकता कार्यक्रम

हल्द्वानी। उत्तराखंड मुक्त विवि (यूओयू) में सोमवार को एक दिवसीय स्पोकन ट्यूटोरियल आईआईटी, बॉम्बे के कौशल आधारित पाठ्यक्रमों का वर्चुअल जागरूकता कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में स्पोकन टूटोरियल आईआईटी बॉम्बे की ट्रेनिंग मैनेजर वर्षा ने कौशल आधारित पाठ्यक्रमों के उद्देश्य के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। वर्चुअल जागरूकता कार्यक्रम में कंप्यूटर विज्ञान विद्याशाखा के निदेशक प्रो. जीतेंद्र पांडे ने कौशल आधारित पाठ्यक्रमों के उपयोग व स्टूडेंट्स के लिए ये पाठ्यक्रम कैसे उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं के बारे में बताया। प्रो. आशुतोष कुमार भट्ट ने पाठ्यक्रमों को कैसे स्टूडेंट्स तक पहुंचे ताकि स्टूडेंट अधिक से अधिक लाभान्वित हो सके के बारे में बताया। डॉ. बालम सिंह दफौटी ने पाठ्यक्रमों के प्रशिक्षण व प्रक्रिया के बारे में बताया। इस दौरान कंप्यूटर विज्ञान विद्याशाखा के आशीष जोशी व अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

### पिथौरागढ़ के पीआरडी जवान से जमीन दिलाने के नाम पर 11 लाख ठगे

हल्द्वानी। पिथौरागढ़ में तैनात पीआरडी जवान से प्लॉट दिलाने के नाम पर दो लोगों ने 11 लाख की ठगी कर ली। पीड़ित जवान बयाना के रूप में यह पैसा दे चुका था लेकिन आरोपी जमीन की रजिस्ट्री करने में आनाकानी कर रहे थे। पुलिस ने पीआरडी जवान की तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक पिथौरागढ़ के चंडाक निवासी पीआरडी जवान देवेंद्र सिंह ने मुखानी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि दो साल पहले वह यूएस नगर निवासी उपेंद्र देउआ और देहरादून निवासी पवन सिंह के संपर्क में आया। जिन्होंने उसे हल्द्वानी के भगवानपुर, जयसिंह में एक 0.052 हेक्टेयर का प्लॉट दिखाया। आरोप है कि जमीन की बातचीत उपेंद्र ने कराई। जबकि जमीन पवन सिंह की थी। 1350 वर्ग फीट का प्लॉट खरीदने पर निर्णय लिया गया। प्लॉट का सौदा 16 लाख 60 हजार पांच सौ रुपये में हुआ।

पीआरडी जवान को उपेंद्र ने बताया कि उसे पवन ने जमीन बेचने के लिए अनुबंधित किया है। आरोपियों ने बयाना मांगा तो पहली किस्त के रूप में पीड़ित ने पांच लाख उपेंद्र को चेक सौंपा। जमीन को खरीदे जाने का उपेंद्र ने गवाह भी पिथौरागढ़ निवासी एक व्यक्ति को बनाया। इसके बाद दूसरी किस्त के रूप में फिर पांच लाख का चेक पीड़ित ने पत्नी के खाते के नाम से दिया। एक लाख तीसरी किस्त के रूप में उपेंद्र के कहने पर डाले।

# बाहरी लोगों को काम देने पर भड़के ठेकेदार व कांग्रेसी

### जिला कांग्रेस कमेटी व ठेकेदारों ने सरकार व प्रशासन के खिलाफ किया प्रदर्शन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : बाहरी प्रदेश के बड़े ठेकेदारों को कार्य दिए जाने पर स्थानीय ठेकेदारों व कांग्रेसियों ने सिंचाई विभाग व स्थानीय विधायक के प्रति रोष व्यक्त किया है। कहा कि ऐसे में स्थानीय ठेकेदारों के समक्ष रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। कहा कि स्थानीय ठेकेदारों को ही विभागीय कार्यों में प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

सोमवार को कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष विनोद डबराल के नेतृत्व में स्थानीय ठेकेदार दुगड्डा स्थित सिंचाई विभाग के कार्यालय परिसर में एकत्रित हुए, जहां पर उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की है। तत्पश्चात वे विभाग के परिसर में ही धरने पर बैठ गए। जिलाध्यक्ष विनोद डबराल ने क्षेत्रीय विधायक रेणु बिष्ट पर मनमानी का आरोप लगाया। कहा कि क्षेत्रीय विधायक अनावश्यक रूप से सिंचाई विभाग के अधिकारियों पर दबाव बना रही है, जिसके कारण स्थानीय ठेकेदारों के बजाय बाहरी प्रदेशों के ठेकेदारों को तरजीह दी जा रही है। काम न मिलने से स्थानीय ठेकेदार खाली बैठे हुए है। जिससे स्थानीय ठेकेदारों के सम्मुख रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि सिंचाई विभाग के ठेके स्थानीय ठेकेदारों को ही दिए जाए। ठेकेदारों ने काम न मिलने पर उग्र आंदोलन की भी चेतावनी दी है। इस मौके पर राजेंद्र बडोला, श्रेष्ठ मणि केष्टवाल, कोमल सिंह रावत, राजीव जखमोला, प्रमोद रावत, लियाकत अली, रितेश ठाकुर, यशपाल सिंह, राकेश सिंह मौजूद रहे।

अधिशासी अभियंता दुगड्डा खंड कार्यालय में प्रदर्शन करते ठेकेदार व कांग्रेसी

# कोटद्वार स्टेडियम का दिखा दबदबा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : देहरादून में आयोजित अंडर-20 राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में कोटद्वार स्टेडियम के बॉक्सरों ने अपना जलवा बिखेरा। प्रतियोगिता में स्टेडियम के बॉक्सरों ने एक स्वर्ण, एक रजत व एक कांस्य पदक जीता। बॉक्सरों के प्रदर्शन से स्टेडियम परिवार व क्षेत्र के खेल प्रेमियों में खुशी का माहौल है। सोमवार को स्टेडियम इंचार्ज और बॉक्सिंग कोच श्याम सिंह डांगी ने बताया कि देहरादून में 5 से 7 दिसंबर तक अंडर-20 खेल महाकुंभ राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में कोटद्वार स्टेडियम के बॉक्सर अभिषेक बिष्ट ने 60 से 63 किग्रा. भार वर्ग में स्वर्ण पदक, सलमान ने 56 से 60 किग्रा. भार वर्ग में कांस्य पदक जीता। वहीं बालिका वर्ग में मधुलिका ने 46 से 48 किग्रा भार रजत पदक जीता। जिला क्रीड़ाधिकारी पौड़ी संदीप कुमार डुकलान, व्यायाम प्रशिक्षक प्रवीण बिष्ट समेत स्टेडियम के सभी कोचों और खेल प्रेमियों ने इन बॉक्सरों की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए बाक्सरों को बधाई दी है।

आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी

# सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन संबंधी समस्याओं का करें निराकरण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : उत्तराखंड वन विभाग निगम, कर्मचारी संघ ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन संबंधी समस्याओं के निराकरण की मांग उठाई है। कहा कि यदि जल्द इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो संगठन आंदोलन को मजबूर होगा।

पनियाली स्थित डिपो परिसर में उत्तराखंड वन विकास निगम कर्मचारी संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वन विकास निगम के कार्यों को लेकर भी चर्चा की गई। इस दौरान बैठक में आम सहमति से पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से बीएम कन्याल को क्षेत्रीय अध्यक्ष व रविंद्र सिंह चौहान को क्षेत्री मंत्री चुना गया। इसके अलावा अनीता रावत को क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक में क्षेत्रीय मंत्री रवींद्र चौहान ने कहा कि गढ़वाल क्षेत्र में कार्यों का सामजंस्य नहीं है। कहा कि किसी प्रभाग में काम की अधिकता व कार्मिकों की कमी के चलते कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। जिससे कार्मिकों पर काम का अतिरिक्त बोझ भी बढ़ रहा है। कहा कि बहुत सारे प्रभागों में नाम मात्र का काम है। वहां का कर्मचारी मानसिक तनाव का शिकार हो रहा है। वक्ताओं ने कार्मिकों के सेवानिवृत्ति के पश्चात भी उनके देयकों को रोका जाना ठीक नहीं है। इस मौके पर प्रांतीय उपमहामंत्री दिवाकर शाही, सतीश चंद्र शर्मा, राजवीर सिंह चौधरी, नेहा बड़थ्वाल, राहुल वेदवाल, अनिल सिंह, राजेंद्र प्रसाद, बलवंत सिंह, सुशीला लखेड़ा, प्रकाश चंद्र, हेमदान, सुनील नेगी मौजूद रहे।

## शैल शिल्पी विकास संगठन का स्थापना दिवस आज

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : शैल शिल्पी विकास संगठन का स्थापना दिवस दस दिसंबर को मनाया जाएगा। इस दौरान अनुसूचित जाति, जनजाति शिक्षक एसोसिएशन के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष जगदीश राठी को भी सम्मानित किया जाएगा।

शैल शिल्पी विकास संगठन के अध्यक्ष विकास कुमार आर्य ने बताया कि स्थापना दिवस कार्यक्रम जल निगम स्टोर के निकट बारत घर में आयोजित किया जाएगा। स्थापना दिवस पर अनुसूचित जाति, जनजाति शिक्षक एसोसिएशन के संस्थापक सदस्यों एव वर्तमान निर्वाचित पदाधिकारियों का संगठन की तरफ से स्वागत व अभिनंदन किया जाएगा। उन्होंने संगठन के लोगों से कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया।

# किसी भी अज्ञात व्यक्ति को न दें बैंक से संबंधित सूचना

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : रिखणीखाल पुलिस ने ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर ग्रामीणों को साइबर अपराध से बचाव की जानकारी दी। कहा कि हमें किसी भी अंजान व्यक्ति को अपने बैंक से संबंधित जानकारी नहीं देनी चाहिए।

थानाध्यक्ष संतोष पैथवाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ग्राम कोटनाली पहुंची। जहां पर उन्होंने ग्राम सुरक्षा समिति व महिला मंगल दलों व ग्रामीणों को साइबर अपराध के बारे में बताया।

कहा कि वर्तमान में बढ़ते साइबर अपराध के चलते लोग ठगी का शिकार हो रहे है। पुलिस टीम ने महिला सुरक्षा, बच्चों में लैगिंग अपराध, गुड टच व बेड टच के संबध में भी ग्रामीणों को जागरूक किया।

तत्पश्चात थानाध्यक्ष ने सभी लोगों को पंपलेट वितरित किए। उन्होंने महिलाओं से भी गांवों के पंचायत घरों में पंपलेट चस्पा किए जाने का आग्रह किया। थानाध्यक्ष संतोष पैथवाल ने बताया कि आज के इंटरनेट व तकनीकी युग में गांवों के भोले भाले लोग आसानी से डिजिटल अरेस्ट और साइबर अपराध के जाल में फंस जा रहे है, उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में अपने मोबाइल फोन के पिन नंबर और ओटीपी को अनजान व्यक्ति को शेयर न करे। कहा कि अनचाहे इंटरनेट लिंक पर न जाएं। ग्रामीणों को जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि ऐसे मामलो में अधिक जानकारी व सहायता के लिए हेल्प लाइन नंबर 1930,1090 और 112 पर संपर्क करे। इस मौके पर अनीता देवी, लक्ष्मी बलोदी, निर्मला बलोदी, महेश चंद्र कोटनाला, शांति भूषण मौजूद रहे।

रिखणीखाल के कोटनाली गांव में आयोजित साइबर बचाव गोष्ठी में भाग लेते ग्रामीण

# सिद्धबली क्लब की टीम रही विजेता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : जनता इंटर कॉलेज मोटाढांक में आयोजित सिद्धबली सांकर कप फुटबाल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला सिद्धबली क्लब के नाम रहा। इस दौरान प्रतियोगिता में अव्वल प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

जनता इंटर कॉलेज मोटाढांक में श्री सिद्धबली शैक्षिक स्पोर्टस एवं सामाजिक उत्थान समिति के तत्वावधान में आयोजित फुटवाल प्रतियोगिता का शुभारंभ छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष राजेश रावत व अंतर्राष्ट्रीय फुटवाल कोच सुनीत रावत ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों का परिचय करवाकर किया।

प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला सिद्धबली क्लब व राजकीय राजकीय महाविद्यालय के मध्य शुरू होते ही, दोनों टीमें एक दूसरे पर गोल करने के लिए संघर्ष करती दिखी। शुरूवाती क्षणों में तो राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सूरज पुंडीर ने एक गोल दाग कर एक गोल की बढ़त बना ली। मध्यांतर के बाद सिद्धबली क्लब ने बदली रणनीति के साथ कप्तान साहित रावत के गोल से स्कोर की बराबरी कर ली। उसके बाद अभिषेक रावत व दीपक रावत ने एक-एक गोल कर सिद्धबली क्लब ने राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की टीम को 3-1 से हराकर ट्राफी पर कब्जा जमाया। इस मौके पर धीरेंद्र कंडारी, सुरदीप गुसांई, दिनेश रावत जगमोहन सिंह रावत, मेहबान सिंह नेगी मौजूद रहे।

आयोजित विजेता टीम को सम्मानित करते अतिथि

## अंजना और अनिता को मिला नेशनल अवार्ड

श्रीनगर गढ़वाल : दिल्ली के पंचशील आश्रम में आयोजित भारतीय दलित साहित्य अकादमी के 40वें राष्ट्रीय दलित साहित्य सम्मेलन में आत्मनिर्भर बनकर अपना समूह बनाकर दूसरों को प्रशिक्षित करने पर महिला कांग्रेस कीर्तिनगर की सदस्य अंजना कुंवर और अनिता मेहर को वीरांगना सावित्रीबाई बाई फुले नेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया। दोनों कांग्रेसी समतामूलक समाज संस्था और आंबेडकर चेतना समिति को चलाकर अन्य महिलाओं को भी आत्मनिर्भर कर रही हैं। दोनों को सम्मान मिलने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की है। खुशी जताने वालों में खुशी पूर्व कैबिनेट मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी, जिलाध्यक्ष उत्तम सिंह असवाल, ब्लॉक अध्यक्ष रघुवीर सिंह भंडारी, प्रदेश महासचिव सोशल मीडिया रामलाल नौटियाल, महिला कांग्रेस अध्यक्ष मीनाक्षी पोखरियाल, न्याय पंचायत अध्यक्ष मलेथा बिरेंद्र राणा, यूथ अध्यक्ष अंकित सिंह, मंगत मठियाल आदि शामिल थे। (एजेंसी)

# हल्की बूंदाबांदी से गिरा तापमान, बढ़ी ठिठुरन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : मंडल मुख्यालय में सोमवार को मौसम का मिजाज बदला रहा। सुबह हल्की धूप तो रही, लेकिन आसमान बादलों से घिरा रहा। दोपहर में हल्की बूंदा-बांदी भी हुई। मौसम का मिजाज बदलने से मुख्यालय के साथ ही थलीसैंण, धुमाकोट आदि ऊंचाई वाले इलाकों में ठिठुरन बढ़ गई है। उधर, बीरोंखाल में दिन भर आसमान बादलों से घिरा रहा। मौसम का मिजाज यही रहा तो रात तक दीवा की ऊंची चोटियों पर बर्फबारी देखने को मिल सकती है। वहीं जिले के धुमाकोट क्षेत्र में दोहपर बाद हल्की बारिश से पारा लुढ़क गया। हल्की बूंदा-बांदी की वजह से यहां ठिठुरन बढ़ गई है।

रविवार शाम से मौसम ने हल्की सी करवट बदलनी शुरू की। सोमवार को दिनभर मौसम गुमसुम रहा। दोपहर बाद हालांकि बारिश तेज तो नहीं हुई, लेकिन हल्की बूंदा-बांदी जरूर शुरू हो गई। खेतों में इन दिनों किसान गेहूं की फसल की बुआई में जुटे है, लेकिन बारिश नहीं होने की व वजह से बुआई लायक नमी भी खेतों में नहीं मिल रही है लिहाजा गेहूं की बुआई का समय भी निकला जा रहा है। पौड़ी के मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. वीकेएस यादव ने बताया कि सर्द मौसम की बारिश खेती किसानी के लिए बेहतर है। यह समय खासकर गेहूं की बुआई का ही है और पानी बरसने से खेतों में जरूरत के हिसाब से नमी मिल जाएगी। जिले में अधिकांश रकबा असिंचित ही है, लिहाजा बारिश पर ही किसानों की फसल टिकी है।

## अंतर महाविद्यालय हैंडबाल प्रतियोगिता शुरू, एमकेपी ने जीता उद्घाटन मैच

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि की अंतर महाविद्यालय हैंडबाल प्रतियोगिता राठ महाविद्यालय पैठाणी में शुरू हो गई। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच बालिका वर्ग में एमकेपी और डीबीएस कॉलेज के बीच खेला गया, जिसमें एमकेपी कॉलेज की टीम विजेता रही। एमकेपी ने यह मुकाबला 15–2 से जीता। सोमवार को बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक गणेश गोदियाल ने प्रतियोगिता की विधिवत शुरुआत की। गोदियाल ने कहा कि युवा खेलों के भीतर छुपी भावना को समझें, जीवन का हर क्षेत्र प्रतिस्पर्धा से भरा होता है। कहा कि अनुभव जीवन की महत्वपूर्ण पूंजी है, इससे सीख लेने की जरूरत है। खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए पैठाणी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जितेंद्र नेगी ने कहा कि स्वास्थ्य आज बड़ी समस्या है। खेलों के जरिए स्वास्थ्य को भी ठीक रखा जा सकता है। प्रतियोगिता का दूसरा मुकबला बिरला कैंपस श्रीनगर और पैठाणी के बीच हुआ। जिसमें बिरला कैंपस की टीम ने मेजबान पैठाणी को 5-2 से हराया। प्रतियोगिता में डीएवी की टीम भी हिस्सा ले रही है। इस मौके पर केंद्रीय विवि के खेल विभाग के सहायक निदेश-ाक डॉ. मोहित सिंह बिष्ट, डॉ. जेपी गुप्ता, वन्दना डोभाल, सुदीप चौहान, डॉ. ज्योति सेंगर, सत्यदेव सिंह रावत, डॉ. लक्ष्मी नौटियाल, डॉ. शिवेंद्र सिंह, खेल सचिव डॉ. मंजीत सिंह भंडारी, उमेश चंद्र बंसल, राम सिंह नेगी, राजकुमार पॉल, डॉ. विनीत पोस्ती, नितेश तोमर, आलोक नेगी आदि भी मौजूद रहे।

## डीएसीई योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि में भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालि डा. आंबेडकर उत्कृष्टता केंद्र (डीएसीई) योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गयी है।

डीएसीई योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति (एससी) तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के मेधावी छात्र-छात्राओं से आवेदन मांगे गए हैं। योजना के माध्यम से एससी और अन्य पिछड़ा वर्ग के मेधावी छात्र-छात्राओं को संघ लोक सेवा (यूपीएससी) और पीसीएस की परीक्षा की तैयारी के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। प्रवेशित सभी अभ्यर्थियों को भारत सरकार द्वारा 4 हजार रुपये प्रतिमाह का स्टाइपेंड भी दिया जाता है। गढ़वाल विवि के डीएसीई केंद्र के समन्वयक प्रो. एमएम सेमवाल ने बताया कि योजना के लिए अभ्यार्थी 20 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं। कहा कि आवेदन के लिए केवल अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी पात्र हैं। जिसकी सकल पारिवारिक आय 8 लाख रुपये वार्षिक से कम हो।

# मंदिर परिसर के आसपास चलाया स्वच्छता अभियान

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : श्री सिद्धाबली वार्षिकोत्सव मेला संपन्न होने के बाद विभिन्न विद्यालयों के स्वयं सेवियों व ग्रीन आर्मी देवभूमि के सदस्यों ने मंदिर व उसके आसपास के क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया। अभियान में मेहरवान सिंह कंडारी सरस्वती विद्या मंदिर, इंटर कालेज कोटद्वार व सरस्वती विद्या मंदिर जानकीनगर के स्वयं सेवियों ने भी अपना योगदान दिया। सदस्यों ने सिद्धाबली मंदिर के आसपास नव दुर्गा मंदिर, फलहारी बाबा मंदिर परिसर में भी साफ-सफाई की। जगह-जगह फैली गंदगी को एक स्थान पर एकत्रित कर उसे नष्ट किया गया। अभियान में नगर निगम ने भी अपना सहयोग दिया। सदस्यों ने कहा कि स्वच्छ व स्वस्थ समाज निर्माण के लिए ग्रीन आर्मी देवभूमि लगातार अपना योगदान दे रही है। अभियान के दौरान भक्तों से भी कूड़ा सार्वजनिक स्थानों पर न डालने की अपील की गई। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष शिवम नेगी, अनुराधा मैंदोला, योगेश जोशी, अमित सिंह, मनीष मधवाल, राजन सिंह, शिव नेगी, सौरभ धूलिया, उत्कर्ष नेगी, संदीप रावत, अमित सिंह रावत, सत्येंद्र गुसाईं, अंकित थपलियाल आदि मौजूद रहे।

कोटद्वार में श्री सिद्धबली मंदिर परिसर के आसपास स्वच्छता अभियान चलाते सदस्य

# आत्मरक्षा के प्रति बालिकाओं को किया जागरूक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

थलीसैंण : सोमवार को थलीसैंण की तहसील में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की बीटीएफ की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान बालिकाओं को आत्मरक्षा के उपाय व उनके अधिकार बताए गए।

बैठक में विकासखंड अधिकारी टीकाराम कोटियाल ने बालक-बालिकाओं के सही मार्गदर्शन हेतु गांव में कार्यशाला करने हेतु कहा। बाल विकास परियोजना अधिकारी ने विद्यालय अफसर बिटिया प्रोग्राम करने एवं बालिकाओं को आत्म निर्भर बनाने के बारे में बताया। बैठक में एसआई तनवीर अहमद ने बालिकाओं को बताया कि आत्मरक्षा के लिए सर्वप्रथम आत्म विश्वास आवश्यक है। यह परिवार व समाज की भी जिम्मेदारी है कि बालिकाओं और महिलाओं के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव न हो, जिससे वह स्वयं को किसी भी प्रकार से कमजोर महसूस न करें। शारीरिक आत्मरक्षा के अन्तर्गत मार्शल आर्ट, जूडो कराटे, नियमित योगा, व्यायाम आदि सीखना व करना जरूरी है। कहा कि बालिकाओं के कल्याण व सुरक्षा के संबंध में अनेक अधिनियम बनाए गए हैं।

शिक्षा विभाग द्वारा बालक-बालिकाओं को नैतिक शिक्षा दिये जाने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर कमल आर्या सहायक विकास समाज कल्याण अधिकार, पीताम्बर वृजवासी उपजिलाधिकारी प्रतिनिधि, पृथ्वीधर सुयाल शिक्षा विभाग, एसआई तनवीर अहमद, श्रीमती चन्द्रकान्ता काला सीडीपीओ, शाम्बरी भट्ट सुपरवाइजर, बबीता चौहान सुपरवाइजर आदि मौजूद रहे।

## कम समय में परीक्षाओं का परिणाम घोषित करना प्राथमिकता : रौथाण

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के कार्यवाहक कुलपति प्रो. मनमोहन सिंह रौथाण ने कहा कि विवि में परीक्षाएं समय पर कराने और कम समय में परीक्षाओं का परिणाम घोषित करना उनकी प्राथमिकता में है। सोमवार को पत्रकारों से वार्ता करते हुए कुलपति प्रो. रौथाण ने कहा कि गढ़वाल विवि के सभी विभाग कम्प्यूटराइज्ड (आईसीटी) से जुड़ें इसके लिए वह काम करेंगे, ताकि सूचनाओं का आदान-प्रदान समय से हो सके। कहा कि विवि में लंबित फाइलों और करीब 1200 डिग्रियों को उनके द्वारा हस्ताक्षरित कर दिया गया है। बताया कि विवि में शोध छात्रों के सम्मुख आ रही समस्याओं को लेकर काम किए जा रहे हैं। उनका मुख्य ध्येय गढवाल विवि में शैक्षणिक वातावरण को बेहतर करना, करियर काउंसलिंग को गति देना रहेगा। प्रो. रौथाण ने कहा कि संबद्ध कॉलेजों के दूरस्थ छात्रों को डिग्री के लिये श्रीनगर न आना पड़े और उनकी समय की बचत हो, इसको लेकर विवि प्रशासन काम करने जा रहा है। इससे छात्रों को डिग्री अपने संस्थान से प्राप्त करने में आसानी होगी। दीक्षांत समारोह को लेकर कुलपति ने जल्द सभी विभागों के डीन से बात कर अंतिम निर्णय लिये जाने की बात कही। बताया कि विवि के अन्य दो परिसरों (पौड़ी और टिहरी) में वाईफाई के समाधान के लिये वित्तीय स्वीकृति मिल चुकी है। जल्द दोनों परिसरों में वाई-फाई की सुविधा को सुदृढ़ कर लिया जाएगा।

## छात्रों ने चलाया स्वच्छता अभियान

चमोली। वन विभाग और गोपेश्वर कॉलेज के छात्रों सोमवार को तुंगनाथ से लेकर चोपता तक केदारनाथ वन्य जीव प्रभाग के डीएफओ के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया। स्वच्छता अभियान के तहत 3 ट्रक प्लास्टिक तथा अजैविक कूड़ा एकत्र कर कूड़ा निस्तारण केन्द्र भेजा।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने वर्ष 2013 में विद्या निकेतन इण्टर कॉलेज पदमपुर, कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल से हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की है। मेरा हाईस्कूल वर्ष 2013 अनुक्रमांक 0069046 का प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। जो काफी खोजबीन करने पर भी नहीं मिला।

**सोनिया चौहान पुत्री दलीप सिंह चौहान निवासी ग्राम ध्रुवपुर, पोस्ट ऑफिस पदमपुर, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

## एक नजर

### केक काटकर मनाया सोनिया गांधी का जन्मदिन

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पार्टी की शीर्ष नेता पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। कार्यकर्ताओं ने केक काटकर और मिष्ठान वितरण सोनिया गांधी को जन्मदिन की बधाई दी। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन मथुरादत्त जोशी, उपाध्यक्ष सूर्यकान्त धस्माना, महामंत्री नवीन जोशी, प्रवक्ता गरिमा दसौनी, शीशपाल सिंह बिष्ट, डॉ. प्रतिमा सिंह, आशा शर्मा, सुलेमान अली, ललित भद्री, संदीप चमोली, आशीश नौटियाल, गिरिराज किशोर हिंदवान, महेन्द्र सिंह नेगी, अनिल नेगी, वसीम अहमद, आदर्श सूद, निहाल सिंह, अनुराधा तिवाडी आदि अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### दून में ट्रांसजेंडर ने खोला पहला रेस्टोरेंट

देहरादून। सीमाद्वार स्थित आईटीबीपी रोड पर सोमवार को ट्रांसजेंडर के पहले रेस्टोरेंट का कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी,दर्जाधारी विनोद उनियाल और पूर्ण दर्जाधारी रविंद्र सिंह आनंद ने किया। रेस्टोरेंट की संस्थापक अदिति शर्मा एक ट्रांसजेंडर हैं और पहले वे अपना फूड ट्रक चलाती थीं। इस दौरान मंत्री गणेश जोशी ने अदिति के प्रयासों की तारीफ करते हुए कहा कि उनको बहुत खुशी है कि अदिति जैसे लोग समाज की मुख्य धारा से जुड़कर अपने लिए स्वरोजगार के अवसर पैदा कर रहे है। यही नहीं लोगों को रोजगार से भी जोड़ रहे हैं। विनोद उनियाल ने भी इसे एक नई पहल बताया। रविंद्र आनंद ने कहा कि अदिति जैसे लोग समाज को नई दिशा दे रहे हैं। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी एवं सर्व महिला शक्ति समिति के अध्यक्ष शिवानी कौशिक गुप्ता, तेजस्विनी चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष प्रिया गुलाटी, मधु मारवाह, मंजू हरनाल, रमनप्रीत कौर, अंजू बारी और डॉक्टर स्वाति सहित कई लोग मौजूद रहे।

### पदोन्नति में शिथिलता की सुविधा जल्द हो बहाल

देहरादून। पदोन्नति में शिथिलता की सुविधा जल्द बहाल किए जाने को कर्मचारी संगठनों ने दबाव तेज कर दिया है। निकाय चुनाव आचार संहिता लगने से पहले कर्मचारी संगठनों ने पदोन्नति में शिथिलता की सुविधा बहाल किए जाने की मांग की। जुलाई 2024 से ये सुविधा बंद पड़ी है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद अध्यक्ष अरुण पांडेय ने कहा कि पहले 30 जून 2023 को पदोन्नति में शिथिलता की सुविधा समाप्त हो गई थी। शासन ने बाद में जनवरी 2024 में इस सुविधा को सिर्फ छह महीने के लिए बहाल किया। सुविधा बहाल होते ही लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लग गई। ऐसे में पूरे छह महीने का समय चुनाव में ही निकल गया। कर्मचारियों को पदोन्नति में शिथिलता का लाभ नहीं मिल पाया। विभागों में बड़ी संख्या में पदोन्नति के पद खाली पड़े हैं। जो शिथिलता का लाभ न मिलने के कारण भर नहीं पा रहे हैं। इन्हें तत्काल भरने को शिथिलता की सुविधा प्रदान की जाए। राज्य निगम कर्मचारी महासंघ अध्यक्ष सूर्यप्रकाश राणाकोटी ने कहा कि निकाय चुनाव की आचार संहिता लगने से पहले ही पदोन्नति में शिथिलता की सुविधा बहाल की जाए।

### मोबाइल छीन गूगल पे से ट्रांसफर कर लिए 12 हजार

देहरादून। दर्शनलाल चौक पर राह चलते व्यक्ति का बैग छीन लिया गया। आरोपी ने इसके बाद बैग में रखे मोबाइल फोन से 12,700 रुपये ट्रांसफर कर लिए। मामले में शहर कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज किया है। गजेंद्र चौहान निवासी सुंदवाला, रायपुर रोड ने शहर कोतवाली में तहरीर दी। कहा कि बीते छह दिसंबर को सुबह करीब 11 बजे वह दर्शन लाल चौराहे के पास मौजूद थे।

आरोप है कि वहां एक व्यक्ति उनका बैग, मोबाइल और कपड़े छीनकर फरार हो गया। आरोपी ने इसके बाद पीड़ित के गूगल पे से 12,700 रुपये का लेनदेन किया। पीड़ित ने रविवार को शहर कोतवाली में तहरीर दी। शहर कोतवाल चंद्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

### एन मैरी स्कूल में हुआ सम्मान समारोह का आयोजन

देहरादून। एन मैरी स्कूल में सोमवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं को उनकी विशेष उपलब्धियों के लिए सचिव डा. जितेंद्र जोशी और निदेशक अंकिता जोशी ने सम्मानित किया। इस दौरान आठवीं कक्षा के छात्र संचित बत्रा को इंडियन डिबेटिंग लीग (आईडीएल) में उनके असाधारण प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

# राष्ट्रीय खेल उत्तराखण्ड को खेल भूमि के रूप में भी स्थापित करेंगे : धामी

### ग्रीन गेम्स की थीम पर होंगे उत्तराखण्ड में नेशनल गेम्स

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : उत्तराखण्ड में 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए सभी तैयारियां बेहतर व्यवस्थाओं के साथ पूर्ण की जाएं। राष्ट्रीय खेल का आयोजन प्रदेश के लिए न केवल गौरव का विषय है, बल्कि यह प्रदेश की खेल संस्कृति और विकास को प्रोत्साहन देने का भी महत्वपूर्ण अवसर है। राष्ट्रीय खेल उत्तराखण्ड को खेल भूमि के रूप में भी स्थापित करेंगे। यह बात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में राष्ट्रीय खेल की तैयारियों की समीक्षा के दौरान कही।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि यह सुनिश्चित किया जाय कि खिलाड़ियों के लिए सभी सुविधाएं उच्च गुणवत्ता वाली और सुगम हों। नेशनल गेम्स के सफल आयोजन के लिए प्रत्येक विभाग से एक नोडल अधिकारी की तैनाती की जाए। खिलाड़ियों के रहने की व्यवस्था, खान-पान, परिवहन और आयोजन स्थल तक पहुंचने की सभी सुविधाओं का प्रबंधन और निगरानी की समुचित व्यवस्था की जाए। भोजन की गुणवत्ता और पौष्टिकता का विशेष ध्यान रखा जाए।

मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को निर्देश दिये कि राष्ट्रीय खेलों के बेहतर आयोजन के लिए सभी व्यवस्थाओं की प्रत्येक दिन समीक्षा की जाए। खेल मंत्री और स्वयं मुख्यमंत्री समय-समय पर राष्ट्रीय खेल के तैयारियों की समीक्षा करेंगे और विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि सभी स्पोर्ट्स उपकरण की खरीदते समय उनकी गुणवत्ता और मानकों का पूरा ध्यान रखा जाए। आयोजन स्थलों पर चिकित्सा सुविधाओं

का पुख्ता इंतजाम किया जाए। खेलों के दौरान किसी भी आपातकालीन स्थिति का सामना करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाए। आयोजन स्थलों पर सुरक्षा के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरों और सिक्योरिटी की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि आयोजन स्थलों पर पर्यावरण संरक्षण का विशेष ध्यान रखा जाए। प्लास्टिक के उपयोग को सीमित करने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं। उत्तराखण्ड में होने वाले राष्ट्रीय खेलों का आयोजन ग्रीन गेम्स की थीम पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आयोजन स्थलों पर आने-जाने वाले आगंतुकों के लिए पेयजल एवं शौचालय की उचित व्यवस्था के साथ ही स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए।

राष्ट्रीय खेलों के सफल आयोजन के लिए सभी विभाग पूरे समन्वय से कार्य करें। इस आयोजन को सफल बनाने में जिलाधिकारियों की भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में होने वाले राष्ट्रीय खेलों के सफल आयोजन के लिए प्रदेश की जनता का सहयोग भी लिया जायेगा। इस अवसर पर खेल मंत्री श्रीमती रेखा आर्या, विधायक उमेश शर्मा काऊ, अवस्थापना अनुश्रवण परिषद् के उपाध्यक्ष विश्वास डाबर, मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव आंनद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर. के सुधांशु, एल. फैनई, विशेष प्रमुख सचिव खेल अमित सिन्हा, सचिवगण, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष और वर्चुअल माध्यम से सभी जिलाधिकारी उपस्थित थे।

### अवस्थापना सुविधाओं का तेजी से हो रहा विकास

भारतीय ओलंपिक संघ से 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए बनाई गई गेम्स टेक्निकल कंडक्ट कमेटी की अध्यक्ष सुनैना कुमारी ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों के लिए उत्तराखण्ड में तैयारियां बेहतर ढंग से हो रही हैं। अवस्थापना सुविधाओं का तेजी से विकास हो रहा है। कमेटी के सदस्य दिग्विजय सिंह ने कहा कि उत्तराखण्ड में इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में भी बहुत अच्छा कार्य हुआ है। खेलों के आयोजन के लिए तैयारियां भी ठीक ढंग से चल रही हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेलों के आयोजन से पहले हर स्टेडियम का ट्रायल होगा तो सभी खेल सफलतापूर्वक सम्पन्न हो सकेंगे। इस अवसर पर गुजरात एवं गोवा में आयोजित राष्ट्रीय खेलों के अनुभवों को भी वहां के अधिकारियों ने साझा किया। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने तीरंदाजी के खिलाड़ियों से भेंट की तथा स्वयं भी तीरंदाजी में प्रतिभाग कर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

## बेसहारा लोगों के लिए रैन बसेरों की है व्यवस्था

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : ठंड के प्रकोप से निपटने के लिए जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान के निर्देशन पर जनपद के समस्त नगर निकायों के सार्वजनिक स्थानों में अलाव की व्यवस्था व बेसहारा लोगों को रैन बसेरों की व्यवस्था की गई है। साथ ही निकायों के आंतरिक मोटर मार्गों पर चूना व नमक का छिड़काव भी किया जा रहा है।

जिला प्रशासन ने जनपद के विभिन्न स्थानों पर कड़ाके की ठंड से निपटने के लिए प्रभावी कदम उठाए हैं। जनपद के कई स्थानों पर अलाव जलाने और रैन बसेरों की व्यवस्था की गई है। प्रशासन की इस पहल से बेसहारा लोगों को ठंड से राहत भी मिल रही है। जिलाधिकारी ने इस पहल को लोगों के हित में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे इस व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाएं। उन्होंने समस्त उपजिलाधिकारियों को कहा कि अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित करना सुनिश्चित करें।

### इका देवराजखाल की छात्रा का नेशनल टीम में चयन

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : विकासखण्ड पोखड़ा के इंटर कॉलेज देवराजखाल की कक्षा 12 की छात्रा तमन्ना का अंडर-19 राष्ट्रीय हैण्डबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। छात्रा पंजाब में होने वाली प्रतियोगिता में उत्तराखण्ड का प्रतिनिधित्व करेगी। छात्रा के चयन से विद्यालय परिवार एवं छात्रा के परिवार में खुशी की लहर है। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुराज कांते छात्रा और व्यायाम शिक्षक धर्मेन्द्र सिंह शाह को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। छात्रा 10 से 17 दिसम्बर तक पंजाब में होने वाली प्रतियोगिता में उत्तराखण्ड का प्रतिनिधित्व करेगी। उन्होंने तमन्ना से विद्यालय के छात्र-छात्राओं से प्रेरणा लेने की अपील की।

## जिला प्रभारी ने कार्यकर्ताओं के साथ की रायशुमारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

सतपुली : कांग्रेस पार्टी के जिला प्रभारी पूर्व विधायक जोत सिंह गुंसोला ने आगामी नगर पंचायत चुनाव को लेकर सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने संगठन पदाधिकारियों की नब्ज टटोली और दावेदारों से भी चर्चा की है। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं से कहा कि अपनी व्यक्तिगत रायशुमारी में उन कार्यकर्ताओं का नाम दें जो संगठन के हित में सबसे उपयुक्त हों। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की है।

सोमवार को आयोजित बैठक में जिला प्रभारी जोत सिंह गुंसोला ने नगर पंचायत चुनाव में अध्यक्ष पद और सभासद पदों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मन टटोला और संगठन की जानकारी जुटाई। इस दौरान अध्यक्ष और सभासद पदों के लिए कार्यकर्ताओं ने अपना दावा किया। साथ ही जिला

प्रभारी गुंसोला ने कांग्रेस नेताओं के साथ अध्यक्ष तथा सभासद पदों के दावेदारों को लेकर विचार विमर्श किया और उनकी बात सुनी। इस मौके पर जिला अध्यक्ष विनोद नेगी, राजपाल बिष्ट सदस्य एआईसीसीई, सुरजन सिंह रौतेला अध्यक्ष नगर कांग्रेस कमेटी सतपुली, जिला सचिव पूरण जैरवान, जयदीप नेगी अध्यक्ष व्यापार मंडल, चंद्रमोहन सिंह, रणधीर सिंह, गंगा सिंह बिष्ट, त्रिलोक सिंह, प्रेम सिंह रावत, मनीष खुगशाल स्वतंत्र, अमित रावत यूथ अध्यक्ष, अनिल पंवार, अशोक रावत सहित अनेक कांग्रेसी मौजूद रहे।

## सार्वजनिक स्थानों में अलाव की व्यवस्था व रैन बसेरों को चालू अवस्था में रखें : डीएम

### बिना हेलमेट और शराब पीकर वाहनों का संचालन करने वालों पर करें कार्यवाही

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व की मासिक स्टाफ समीक्षा बैठक ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कहा कि वसूली के कार्यों की प्रगति बढ़ाने व बड़े बकायादारों पर वसूली की कार्यवाही तेजी से करें। विभिन्न तहसील स्तर पर लंबित 774 राजस्व वादों में गत माह में 105 का निस्तारण किया गया, जबकि 669 वाद शेष हैं। जिलाधिकारी ने समस्त नगर निकायों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत सार्वजनिक स्थानों में अलाव की व्यवस्था व रैन बसेरो को चालू अवस्था में रखना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कहा कि रैन बसेरों की रिपोर्ट प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

सोमवार को बैठक में डीएम ने क्रमवार राजस्व, रेगुलर पुलिस, पूर्ति विभाग, आबकारी विभाग, राजस्व वसूली, लंबित वाद सहित अन्य की अभी तक की गई कार्यवाही पर समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। डीएम ने नगर पंचायत जोंक अधिशासी अधिकारी द्वारा बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी ने वेतन रोकने के निर्देश दिये। वहीं उन्होंने ई-ऑफिस में समस्त तहसीलों द्वारा धीमी प्रगति पर सभी तहसीलों को चेतावनी देते हुए प्रगति लाने के निर्देश दिये। उन्होंने लंबित राजस्वों वादों को समय पर निस्तारण करने के निर्देश समस्त उपजिलाधिकारी व तहसीलदारों को दिये। जिलाधिकारी ने कृषि विभाग के अधिकारी को शत प्रतिशत किसानों का लैंड सीडिंग करने को कहा। उन्होंने राजस्व विभाग, पुलिस व आरटीओ विभाग के अधिकारियों को बिना हेलमेट और शराब पीकर वाहनों का संचालन करने वाले चालकों के विरुद्ध कार्यवाही करने को कहा। उन्होंने समस्त नगर निकायों के अधिकारियों को कहा कि पार्किंग व हाउस टैक्स की वसूली में तेजी लाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारी को ट्रांजिट हॉस्टल के लिए भूमि चयनित करने के निर्देश भी दिये। साथ ही उन्होंने आबकारी अधिकारी को वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिये। बैठक में नगर आयुक्त कोटद्वार वैभव गुप्ता, संयुक्त मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र शेट, प्रशिक्षु आईएएस दीक्षिता जोशी, उपजिलाधिकारी श्रीनगर नूपुर वर्मा, लैंसडौन शालिनी मौर्य, कोटद्वार सोहन सैनी, मुख्य कृषि अधिकारी विकेश कुमार यादव, जिला आबकारी अधिकारी के.पी. सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी वरूण कुमार वर्मा, वरिष्ट प्रशासनिक अधिकारी अजीत रावत, तहसीलदार श्रीनगर धीराज सिंह सहित अन्य अधिकारी व पटल सहायक उपस्थित थे।

## खनन प्रभावित क्षेत्रों में प्रस्तावित कार्यों पर दी गई सहमति

चमोली : जिलाधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कार्यालय सभागार में जिला खनिज फाउंडेशन न्यास निधि की प्रबंधन समिति की बैठक हुई। जिसमें जनपद के खनन प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक आर्थिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु विभागों से उपलब्ध प्रस्तावों की समीक्षा के साथ ही जनहित से जुड़े विभिन्न कार्यों पर सहमति प्रदान की गई। प्रबंधन समिति की बैठक में विभागों द्वारा 35 कार्यों के प्रस्ताव रखे गए। जिसमें उच्च प्राथमिकता क्षेत्र से जुड़े 234.75 लाख के 06 प्रस्ताव और अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्र के 563.61 लाख के 29 प्रस्ताव शामिल थे। विभागों द्वारा प्रस्तावित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा के साथ अधिकांश प्रस्तावों पर सहमति प्रदान की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि खनन प्रभावित क्षेत्रों में स्वीकृत कार्यों का शीघ्र टेंडर करते हुए काम शुरू किया जाए। कार्य करने से पूर्व एवं कार्य पूर्ण होने के बाद की फोटग्राफ सहित रिपोर्ट उपलब्ध करें। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। निर्माण कार्यों में डुप्लीकेशी न हो इसके लिए कार्यदायी संस्था स्वीकृत कार्य हेतु प्रमाण पत्र भी उपलब्ध करें। जिन विभागों ने अभी तक प्रस्ताव नहीं दिए है वो शीघ्र उपलब्ध करें, ताकि खनन प्रभावित क्षेत्रों में विकास योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु स्वीकृति दी जा सके। बैठक में गोपेश्वर सिंचाई खंड की ओर से प्रस्तावित कार्यों की आधी अधूरी जानकारी मिलने पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता और कनिष्ठ अभियंता को चेतावनी जारी करते हुए पूर्ण जानकारी एवं तैयारी के साथ बैठक में प्रस्ताव रखने की सख्त हिदायत भी दी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नंदन कुमार, अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक गुप्ता, मुख्य शिक्षा अधिकारी धर्म सिंह रावत, ग्रामीण विभाग के अधिशासी अभियंता अला दिया, सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता अरविंद नेगी, परशुराम चमोला सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। (एजेंसी)

## विभागों में जवाबदेही की नई प्रणाली विकसित करनी होगी

देहरादून। जन सहयोग के बिना भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड की अवधारणा को धरातल पर उतारा जाना संभव नहीं है। राज्य को रिश्वतखोरी, जबरन वसूली, धोखाधड़ी, सरकारी धन का गबन,भू माफियाओं के काले कारनामों जैसे अपराधों से आजाद करने के लिए सरकारी व्यवस्थाएं, विभाग पूर्ण रूप से सफल नहीं हुए हैं। यह बात सोमवार को संयुक्त नागरिक संगठन की ओर से अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस पर रेसकोर्स स्थित अमरीक हॉल में भ्रष्टाचार बनाम ईमानदारी विषय पर जनसंवाद कार्यक्रम में वक्ताओं ने कही। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की स्थापना का मुख्य कारण भी यही था कि यहां के पर्वत मैदान के लोग ईमानदार नौकरशाही सरकारी व्यवस्थाओं के साथ सुकून का अनुभव कर सकेंगे। भ्रष्टाचार से लड़ने और ईमानदारी को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री को अब नए कदम उठाने ही होंगे। वक्ताओं ने कहा कि विभागों में जवाबदेही की नई प्रणाली विकसित करनी होगी। मुख्य अतिथि चित्रांचल कल्याण समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त विक्रमादित्य रहे। संचालन नवीन कुमार सडाना ने किया। संवाद में आरपी सिंह, शांति प्रसाद नौटियाल, अवधेश शर्मा, रजनीश मित्तल, चौधरी ओमवीर सिंह, खुशबीर सिंह, प्रमोद सैनी, नरेश चंद्र कुलाश्री, उपेंद्र बिजलवान, भगवती प्रसाद भट्ट, महेश भूषण, प्रदीप कुकरेती, जगदीश बाबला आदि ने अपने विचार रखे।

## पर्यावरण संरक्षण की तकनीकों पर मंथन

देहरादून। ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी में सतत विकास के लिए मौजूदा तकनीकों पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन सोमवार से शुरू हो गया। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को जाधवपुर यूनिवर्सिटी कोलकाता के प्रो. साधन कुमार घोष ने किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की समस्या से निदान के लिए शिक्षा, उद्योग व सरकार को मिलकर कार्य करने होंगे। इसके लिए शोध व विकास कार्यों में और ज्यादा निवेश करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि खुद की आदतों में परिवर्तन करके कार्बन, पानी व अन्य तरहों के फुटप्रिंट कम किए जा सकेंगे।

## नई पीढ़ी को अपने रीति रिवाजों के बारे में बताना होगा : ऋतु

चमोली : विधानसभा अध्यक्ष श्रीमती ऋतु खंडूरी भूषण ने सोमवार को कर्णप्रयाग विकासखंड के नौटी गांव में चल रहे उफराईं देवी मोडवी महोत्सव में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने उफराईं देवी मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली के लिए कामना की। मंदिर समिति ने विधानसभा अध्यक्ष को प्रसाद भेंट कर उनका स्वागत किया।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा हम सब को अपने रीति, रिवाज और परंमपराओं को साथ लेकर आगे बढ़ाना होगा और नई पीढ़ी को अपने रीति रिवाजों के बारे में बताना होगा। कहा कि हर परिवार में माता ही बच्चे की पहली शिक्षक होती है। घर से शुरू हुई अच्छी शिक्षा और संस्कार से ही एक अच्छे समाज का निर्माण होता

है। उन्होंने महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि उत्तराखंड सशक्त महिलाओं का प्रदेश है। हमें अपनी ताकत पहचानने और अपनी मिट्टी से जुड़े रहने की जरूरत है। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों को मोडवी महोत्सव की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। नौटी में दस दिनों तक चलने वाले उफराईं देवी मोडवी महोत्सव का आयोजन 14 साल बाद किया जा रहा है। मोडवी ध्याणयों का पर्व है। नौटी में देवी भूम्याल के रूप में पूजी जाती है और मोडवी में देवी को प्रसाद स्वरूप चेसू भात का भोग लगाया जाता है। इस दौरान कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल, भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश मैखुरी, जिला पंचायत सदस्य विनोद नेगी, पूर्व प्रधान रीना नौटियाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं मौजूद रहे। (एजेंसी)

# जरूरतमंदों को समय पर एंबुलेंस और एयर एंबुलेंस की सुविधा मिले : धामी

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में उच्च स्तरीय बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि जरूरतमंदों को समय पर एंबुलेंस और एयर एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध हो, यह सुनिश्चित करते हुए अविलम्ब इसकी एसओपी तैयार की जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि अस्वस्थता के कारण किसी मृतक व्यक्ति के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारजनों के द्वारा मृतक के दाह संस्कार में कठिनाई व्यक्त करने पर इसके लिए आर्थिक सहायता अथवा मृतक व्यक्ति

के दाह संस्कार की व्यवस्था संबंधित जनपदों के जिलाधिकारी अपने स्तर से सुनिश्चित करेंगे।

उन्होंने कहा कि ऐसे परिवारों जिन्हें मृतक व्यक्ति के शव को उनके घर तक पहुंचाने के लिए आर्थिक समस्या हो रही हो, ऐसे व्यक्ति के शव को एबुलेंस के माध्यम से घर तक पहुंचाने की व्यवस्था भी जिलाधिकारी अपने स्तर से करेंगे। मुख्यमंत्री ने शीतकालीन चारधाम यात्रा के तहत उनके शीतकालीन स्थलों के पौराणिक महत्व एवं प्रभावी प्रचार-प्रसार करने के निर्देश अधिकारियों को दिये हैं। उन्होंने कहा कि इन स्थलों का प्राचीन काल से ही अपना विशिष्ट महत्व रहा है और श्रद्धालु इन स्थलों पर देव दर्शन करते रहे हैं।

इन शीतकाल स्थलों के दर्शन से भी वही पुण्य प्राप्त होता है, जो नियमित यात्रा के दौरान होता है। शीतकाल में श्री केदारनाथ की ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में, बदरीनाथ की पाण्डुकेश्वर और नर्सिंग मंदिर ज्योर्तिमठ में, यमुनोत्री के खरसाली और गंगोत्री के मुखवा में पूजा अर्चना होती है।

## एटीएम बूथ में कार्ड बदलकर निकाल लिए 70 हजार

देहरादून। एटीएम बूथ में मदद के बहाने कार्ड बदलकर एक व्यक्ति के खाते से 70 हजार रुपये निकाल लिए गए। मामले में शहर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राकेश कुमार निवासी रामनगर लक्खीबाग ने शनिवार को शहर कोतवाली में तहरीर दी।

कहा कि बीते चार दिसंबर को वह पत्नी के एटीएम कार्ड से रुपये निकालने सहारनपुर चौक के पास स्थित एटीएम बूथ गए थे। वहां रकम निकालते वक्त उनका कार्ड मशीन में फंस गया। काफी प्रयास के बाद भी मशीन ने एटीएम नहीं निकला। तब पीछे खड़े व्यक्ति ने काफी देर तक उनके बूथ में रहने का कारण पूछा। राकेश कुमार ने एटीएम फंसे होने की बात कही। तब उसने मदद का झांसा दिया। फिर वह मशीन के पास आया और राकेश को पीछे कर दिया। कुछ सेकेंड बाद एक एटीएम कार्ड उन्हें थमा दिया। जिसे लेकर पीड़ित घर पहुंचे। घर पहुंचने पर पता लगा कि एसटीएम ने उनकी निकाली गई राशि के अलावा 70 हजार रुपये और निकल गए हैं। तब एटीएम कार्ड चेक किया। वह बदला हुआ था। इस दौरान पीड़ित को समझ आया कि आरोपी ने एटीएम बूथ में कार्ड बदलकर यह रकम निकाली है। उन्होंने शहर कोतवाली में तहरीर दी। शहर कोतवाल चंद्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस एटीएम बूथ और आसपास के सीसीटीवी फुटेज से आरोपी का हुलिया जुटाकर तलाश कर रही है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com